**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के निर्देशन एवं प्रेरणा से निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की ओर से सोमवार को प्रेरणा अभियान 2.0 शुरू किया गया है।

निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु पोषण तथा स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। जिसे प्रेग्नेन्सी रजिस्ट्रेशन एण्ड अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन एण्ड न्यूट्रिशन अवेयरनेस अर्थात प्रेरणा अभियान 2.0 नाम दिया गया है। निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने बताया कि 19 जनवरी से 19 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत आईसीडीएस सेवाओं से वंचित सभी पात्र लाभार्थियों, गर्भवती (शुरुआती तीन माह) व धात्री महिलाओं, 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों और आकांक्षी जिलों में किशोरी बालिकाओं का पंजीकरण किया जायेगा। वासुदेव मालावत ने बताया कि लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से विभिन्न योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना, पूरक पोषाहार, मुख्यमंत्री अमृत आहार

# पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला सम्मानित

**जयपुर।** 78वें सेना दिवस के उत्कृष्ट एवं सफल आयोजन के उपलक्ष्य में जयपुर मिलिट्री स्टेशन में लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमान की अध्यक्षता में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्देश्य सेना दिवस परेड 2026 के सुव्यवस्थित एवं अनुकरणीय आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी व्यक्तियों को सम्मानित करना था। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े सिविल गणमान्य व्यक्तियों तथा सप्त शक्ति कमान के सैन्य कर्मियों को उनके अनुकरणीय समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए सम्मानित किया।



सप्त शक्ति सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में दक्षिण-पश्चिम कमांड प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) एवं पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), जयपुर की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला समेत 13 सिविल अधिकारियों को आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्होंने 8 आर्मी कमांडर प्रशस्ति पत्र, जबकि सैन्य कर्मियों को 40 आर्मी कमांडर प्रशंसा पत्र भी प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, समारोह के दौरान एक वेटेरन अचीवर अवार्ड भी प्रदान किया गया।

आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने 78वें सेना दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी संस्थाओं और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारतीय सेना केवल राष्ट्र की ही नहीं, बल्कि नागरिकों की भी सेना है। अतः सेना दिवस का उत्सव केवल सेना तक सीमित न रहकर नागरिकों की सहभागिता के साथ मनाया जाना चाहिए। आर्मी कमांडर ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए 'समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें सैन्य एवं सिविल संस्थाओं के बीच सशक्त समन्वय अनिवार्य है।

# 680 ग्राम गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर (कासं)।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (क्राइम ब्रांच सीएसटी) ने कार्रवाई करते भांकरोटा इलाके से अवैध मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अवैध मादक पदार्थ तस्करों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। पुलिस कमिश्नर जयपुर सचिन मित्तल ने बताया कि सीएसटी आयुक्तालय जयपुर की टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्कर के खिलाफ भांकरोटा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए रोहित मालावत (24) निवासी जयसिंहपुरा, हाल भांकरोटा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 680 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# सीमा शुल्क चोरी के आरोपी को जमानत देने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

## 414 करोड रुपए के माल की सप्लाई के लिए फर्जी फर्म के बिल जारी कर सीमा शुल्क चोरी का मामला

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 414 करोड रुपए के माल की सप्लाई के लिए फर्जी फर्म के बिल जारी कर सीमा शुल्क चोरी के आरोपी सुरेंद्र माली को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। जस्टिस वीके भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी को विभाग ने जनवरी, 2022 से मार्च, 2024 तक 21 बार समन भेजे, लेकिन आरोपी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुआ। इसके अलावा प्रकरण में अभी अनुसंधान लंबित है। ऐसे में आरोपी को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है।

जमानत याचिका में कहा गया कि वह गत एक अगस्त से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है। विभाग ने उसके बयान दबाव में लिए हैं और अभियोजन पक्ष के पास उसके खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं है। वहीं उसके खिलाफ संबंधित न्यायालय में आरोप भी पेश हो चुका है। इसके अलावा प्रकरण पूरी तरह इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर है और गवाह कस्टम अधिकारी हैं। ऐसे में उसकी ओर से साक्ष्य से छेडछाड और गवाहों को प्रभावित करने की आशंका भी नहीं है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए विभाग की ओर से अधिवक्ता किंशुक जैन ने कहा कि आरोपी ने अन्य लोगों से मिलीभगत कर अस्तित्वहीन फर्म के नाम से करोडों रुपए के सर्टिफिकेट जारी करते हुए भारी भरकम राशि देश के बाहर की अवैध फर्मो को भेजी और इसके एवज में सोने और डायमंड सहित अन्य मूल्यवान वस्तुओं का अवैध रूप से आयात किया। ऐसे में उसे जमानत नहीं दी जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

# जेके लॉन अस्पताल में महिला कर्मचारी से नर्सिंगकर्मी ने की छेड़छाड़

**जयपुर।** एसएमएस थाना इलाके में स्थित जे के लॉन अस्पताल में देर रात नर्सिंग कर्मचारी ने कॉन्ट्रैक्ट पर लगी महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ कर दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल में कार्यरत अन्य महिला कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित महिला कर्मचारी की लिखित शिकायत पर आरोपी नर्सिंगकर्मी के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया।

गौरतलब है कि पीड़ित महिला वार्ड हेल्पर के रुम में अस्पताल में कार्यरत है। आरोप है कि रविवार देर रात 2 बजे वो वार्ड में बने वॉशरुम में टॉयलेट करके बाहर निकली ही थी की नर्सिंग कर्मचारी विजय कुमार मीणा ने उसे गेट के बाहर रोक लिया और उसका हाथ पकड लिया। जिसके बाद आरोपी ने उसे बैंच पर बिठा और दोनो कंधे पकड कर लिए। पीड़िता ने धक्का देकर खुद को छुड़वाया। आरोपी विजय मीणा ने पीड़िता को धमकाते हुए कहा की तुझे पैसे चाहिए तो पैसे ले ले और ड्यूटी पर नहीं आएगी तो उपस्थिति भी लगा दूंगा। लेकिन पीड़िता आरोपी का विरोध करते हुए बाहर आ गई और मामले की जानकारी सीनियर स्टाफ को दी। लेकिन शिकायत के बाद भी सीनियर स्टाफ ने कोई कार्रवाई नहीं की तो पीड़िता अन्य महिला स्टाफ के साथ सोमवार को अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन करने में जुट गई और आरोपी को सस्पेंड करने की मांग करने लगी।


आपके आदर्श एवं प्रेरणा सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें



श्री कैलाश चन्द बैद

जिनके परिश्रम और सिद्वान्तों ने परिवार व व्यवसाय को नई ऊचाइयां दी

सातवीं पुण्यतिथि पर सादर नमन

श्रद्धानवत :

बैद परिवार (बडियाल वाले)

रिषभ एडवरटाईजिंग एजेन्सी

राजस्थान एडवरटाईजिंग एजेन्सी

9829051564, 9414058011



RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार



सरल ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

65 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 313 कुल भूखण्ड | 304 औद्योगिक भूखण्ड | 09 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी अंतिम तिथि: 23 जनवरी, 2026 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 27 जनवरी, 2026 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | आबू रोड़ | 03 | चूरू | 33 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 38 | अजमेर | 08 | बीकानेर | 07 | पाली | 03 | जयपुर (दक्षिण) |
| 05 | अलवर | 14 | श्रीगंगानगर | 24 | झालावाड़ | 02 | जयपुर (उत्तर) |
| 08 | भिवाड़ी-I | 16 | किशनगढ़ | 01 | जालोर | 25 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 19 | भिवाड़ी-II | 13 | भीलवाड़ा | 13 | राजसमंद | 02 | जोधपुर |
| 07 | बोरानाडा | 01 | जयपुर (ग्रामीण) | 20 | कोटा | 03 | सवाईमाधोपुर |
| 05 | घिलोठ | 01 | सीकर | 03 | नीमराना | | |

राज.संवाद/सी/25/17913

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें

https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in

# भरतपुर में 29 महिलाओं से दम्पती ने 96 लाख की ठगी की

## साड़ी, सेनेटरी नैपकिन और चूड़ी की मशीन लगाने का झांसा दिया

- मशीन की जगह महिलाओं को मशीनों के कुछ पार्ट्स दे दिए, मशीन के लिए कहने पर टालमटोल करते रहे
- महिलाओं ने इसकी शिकायत राजीविका के अधिकारियों से की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला, थाने में शिकायत दी

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में 29 महिलाओं से 96 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। ठग पति-पत्नी ने महिलाओं को चूड़ी, साड़ी और सेनेटरी पैड लगाने की मशीन देने के नाम पर ठगी की। मशीन की जगह महिलाओं को मशीनों के कुछ पार्ट्स दे दिए। मशीन के लिए कहने पर टालमटोल करते रहे। महिलाओं ने इसकी शिकायत राजीविका के अधिकारियों से की तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि अधिकारियों ने भी उनके फोन उठाने बंद कर दिए। इसके बाद महिलाओं ने थाने में शिकायत दी। मामला भरतपुर के पहाड़ी थाना इलाके का है। महिलाओं ने शिकायत रविवार को दी थी और सोमवार को इस पर कार्रवाई को लेकर थाने के बाहर पहुंच गई।

महिलाओं ने थाने में दी शिकायत में बताया कि पहाड़ी ब्लॉक में राजीविका के एक हजार से ज्यादा समूह चल रहे हैं। अप्रेल 2025 में जिला कार्यालय राजीविका के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर निखिल और डिस्ट्रिक्ट मैनेजर लाइव नॉन फार्म रिचा यादव ने कुछ महिलाओं को कार्यालय बुलाया था। दोनों ने महिलाओं को शिव सिन्हा नाम के व्यक्ति से मिलवाया था। शिकायत में बताया कि शिव सिन्हा और उसकी पत्नी पूनम ने रोजगार में मुनाफे के लिए मशीनें लगाने का झांसा दिया। दोनों ने चूड़ी, साड़ी और सैनेटरी पेड लगाने की मशीन देने की बात कही। इसके बाद कुछ महिलाओं को मशीनों के पार्ट्स दे दिए। जब पूरी मशीन के बारे में पूछा तो टालमटोल करने लगे। हमने सभी ने रुपए कैश में दिए थे। इसके बाद जब उनसे मशीनों को लेकर संपर्क किया तो कोई जवाब नहीं मिला न ही उन्होंने कॉल उठाया। महिलाओं ने जिला कार्यालय में अधिकारियों के पास कॉल किए, लेकिन उन्हें कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला। कुछ महिलाओं ने ब्याज पर रुपए लेकर उन्हें दिया था तो कुछ महिलाओं ने अपने गहने गिरवी रखकर पैसे दिए थे।

पीड़ित महिला प्रीति ने बताया राजीविका के समूहों के मेले लगते हैं। मैं भी उनमें दुकान लगाती हूं। मेरे पास रिचा यादव ने मुझे कॉल करके कहा कि प्रीति आप मेलों में दुकान लगाती हो। आपका काम बहुत अच्छा है। इसलिए आप डिस्ट्रिक पर आओ। हम आपके लिए बहुत अच्छा काम दिलाएंगे। प्रीति ने कहा कि मुझे बताया गया कि आप आगे बढ़ना चाहती हो तो साड़ियों की मशीन लगा लो। इसमें आपको बहुत अच्छा इनकम मिलेगा और बाकी समूह की महिलाओं को रोजगार मिल जाएगा। मेरे मना करने के बाद फिर से कॉल आया। तब मैंने कहा कि मेरे पास पैसे नहीं हैं। तब मुझसे कहा गया कि पैसे एडजस्ट हो जाएंगे, इससे आगे काफी फायदा मिलेगा। प्रीति ने कहा कि रिचा यादव ने फिर से मुझे कॉल किया और कहा कि अगर पहाड़ी ब्लॉक में और भी महिलाएं मशीन लगाना चाहती हैं तो आप उनसे भी संपर्क करो। तब रिचा यादव ने खुद राजीविका से महिलाओं के नाम और नंबर निकालकर महिलाओं को फोन किया, इसी तरह का प्रलोभन दिया। किसी महिला को सेनेट्री पेड की मशीन लगाने का प्रलोभन दिया गया। किसी महिला को चूड़ी बनाना, अगरबत्ती बनाने के प्रलोभन दिए गए। उन सभी लोगों ने करीब 29 महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी कर ली। प्रीति ने बताया कि मुझसे 4 लाख 60 हजार रुपए लेकर साड़ियों पर स्टोन लगाने की मशीन दी थी। इसके अलावा सोनवती से 7 लाख रुपए लेकर सेनेटरी पेड बनाने की मशीन के पार्ट दिए। बाकी महिलाओं को शिव सिन्हा ने चूड़ियों पर स्टोन लगाने का सामान दिया। शिव महिलाओं को सामान देने का झांसा देता रहा। वह महिलाओं को एनजीओ के माध्यम से फायदा पहुंचाने और सामान देने का झांसा देता रहा।

पहाड़ी थाना एसएचओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में जांच जारी है। महिलाओं ने शिकायत दी है। पूछताछ कर रहे हैं।

# बीस लाख के मादक पदार्थ सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। पुलिस ने 20 लाख के मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में डीएसटी प्रभारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा लाम्बाहरिसिंह व मेहन्दवास थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए करीब 20 लाख रूपये बाजार कीमत के अवैध मादक पदार्थ जिसमें दो किलो अफीम, 53.150 किलो ग्राम डोडा-पोस्त, 1.5 किलो गांजा व 11 हजार 40 रूपये खरीद फरोख्त की राशि के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा जिनके कब्जे से एक बोलेरो गाड़ी व एक मोटरसाइकिल जब्त की है।

पुलिस के अनुसार थाना लांबाहरिसिंह क्षैत्र के गांव महादेवपुरा निवासी रामलाल जाट पुत्र बन्नालाल जाट के कब्जे से दो किलो अफीम, 53.150 किलो ग्राम-डोडा पोस्त, एक बोलेरो गाड़ी व 11 हजार रुपए खरीद फरोख्त राशि, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए हैं। इसी प्रकार पुलिस थाना मेहन्दवास क्षेत्र के गांव बावड़ी में आरोपी मुकेश पुत्र नरसी मीणा के कब्जे से 1.5 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, एक मोटरसाइकिल जब्त की है। आरोपी काफी समय से बावड़ी, टोडारायसिंह इलाके में नशे की सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान कार्य जारी है।

# चार लाख की अवैध शराब सहित तस्कर को पकड़ा

**उदयपुर,** (निसं)। खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी कार जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपतसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नेशनल हाइवे 48 से खाण्डज्ञी ओवरी, करनाउवा रोड़ से खेरवाड़ा रोड़ पर तलाशी अभियान चला कर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान आई कार सरकारी वाहन को टक्कर मार कर चालक लेकर भागा। इस दौरान टायर फटने से कार रूक गई। इस पर पिछा कर कार को देखा तो उसे में 33 कार्टन अवैध शराब के पाए गए। पूछताछ में संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर दीपक पुत्र मानजी निवासी डगार झल्लारा सलूम्बर को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में शराब तस्करी कर गुजरात ले जाने की जानकारी सामने आई है। बरामद शराब की बाजार कीमत करीब चार लाख रूपये बताई जाती है।

### प्रधानाचार्य सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर

मेडिकल कॉलेज रोड, बीकानेर-334001

क्रमांक-प..(क्रयअनुभाग)सपआम/Tender/2025-26/1368 दिनांक-03.01.2026

**ई-बोली संख्या 11 (2025-26)**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा R.T.P.P. Act 2012 तथा R.T.P.P. Rules 2013 नियम के तहत सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय व संबद्ध चिकित्सालयों में उपकरण क्रय एवं स्थापित करने के लिए खुली प्रतियोगिता बोली (द्वि भाग बोली तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से (As per Bid Documents) ई-बोली आमंत्रण सूचना जारी की जाती है। जिसमें इच्छुक बोलीदाता द्वारा ई-प्रोक के माध्यम से बिड डॉक्यूमेन्ट एवं अन्य दस्तावेज डाउनलोड कर ई-बोली के दस्तावेजों अनुसार ऑनलाईन अपलोड कर ई-बोली में भाग ले सकते है। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण DIPR की वेबसाईट sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in पर एवं कार्यालय वेबसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB CODE: MCB2526A0177

UBN CODE: 1. MCB2526GLOB00257, 2. MCB2526GLOB00258, 3. MCB2526GLOB00259, 4. MCB2526GLOB00260, 5. MCB2526GLOB00261, 6. MCB2526GLOB00262, 7. MCB2526GLOB00263, 8. MCB2526GLOB00264, 9. MCB2526GLOB00265, 10. MCB2526GLOB00266, 11. MCB2526GLOB00267, 12. MCB2526GLOB00268, 13. MCB2526GLOB00269, 14. MCB2526GLOB00270, 15. MCB2526GLOB00271, 16. MCB2526GLOB00272, 17 MCB2526GLOB00273, 18. MCB2526GLOB00274, 19. MCB2526GLOB00275, 20. MCB2526GLOB00276, 21. MCB2526GLOB00277

प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय
सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर

DIPR/C/489/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-फागी (जयपुर)

डाक बंगला फागी के पास, फागी-दूदू रोड फागी, दूदू ई-मेल-xenpwdphagi@rediffmail.com

क्रमांक-स्था./खण्ड/फागी/2025-26/डी-714 दिनांक-05.01.2026

**ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 21/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A Additional performance Security- (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before execution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, Banker's Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | - | Specail Repair to CD Work under PWD Dn. Phagi, Jaipur (2 Nos) |
| कुल राशि (रूपयो में) | - | 219.20 लाख |
| कुल धरोहर राशि (रूपयों में) | - | अनमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख | - | बुधवार 07 जनवरी 2026 प्रात 9.30 बजे से शुक्रवार 16 जनवरी 2026 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | - | बुधवार 07 जनवरी 2026 प्रात 9.30 बजे से शुक्रवार 16 जनवरी 2026 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | - | सोमवार 19 जनवरी 2026 को सायं 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | - | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न) 1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग 2. निविदा शुल्क- 0075-00-800-52-01 3. धरोहर राशि-8443-00-108-00-00 ऑफिस आई.डी. 42219 |

UBN NO.- (1) PWD2526WSOB20075, (2) PWD2526WSOB20076
NIB NO. PWD2526A5006

(संदीप टाटीवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड-फागी (जयपुर)

DIPR/C/418/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता नर्मदा नहर परियोजना खण्ड द्वितीय सांचौर

क्रमांक/लेखा/निविदा/2025-26/1945 दिनांक-13.01.2026

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 04/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से 01 कार्य के लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में राज्य सरकार के संशोधित आदेशों के अनुसार नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा में वर्णित 1 कार्य हेतु निविदा ऑफलाईन आमंत्रित की जाती है। जल संसाधन विभाग राजस्थान सरकार में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो या के.लो.नि.वि.ए. डाक, दूरसंचार, रेलवे में व अन्य राज्य सरकारों/केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों/संगठनों के पास "अअ" एवं "अ" श्रेणी में सूचिबद्ध ठेकेदार जो राजस्थान के पात्र श्रेणी के समतुल्य हो भी कार्य के लिए निविदा हेतु विहित अग्रिम धनराशि देने के पश्चात पात्र है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन दिनांक 14.01.2026 प्रात 9.30 बजे से दिनांक 20.01.2026 सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड करके निविदा प्रपत्र दिनांक 14.01.2026 प्रात 10.00 बजे से दिनांक 20.01.2026 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाईन अपलोड किये जा सकेंगे। निविदा दिनांक 21.01.2026 को सायं 3.00 बजे ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यो की अनुमानित लागत धरोहर राशि प्रोसेसिंग फीस व कार्य पूर्ण करने की अवधि तथा अन्य शर्तें https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखें।

NIB CODE: WRD2526A0617, UBN NO. WRD2526WSOB02116

अधिशाषी अभियन्ता
नर्मदा नहर खण्ड द्वितीय, जयपुर

DIPR/C/855/2026

# अजमेर दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे पर अदालत ने संज्ञान लिया

## याचिका को न्यायालय ने स्वीकार कर अगली सुनवाई की तारीख 21 फरवरी निर्धारित की

**अजमेर,** (निसं)। अजमेर दरगाह परिसर में शिव मंदिर के अस्तित्व को लेकर दायर याचिका पर सोमवार को न्यायालय में सुनवाई हुई। महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार की ओर से प्रस्तुत याचिका को न्यायालय ने स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख 21 फरवरी 2026 निर्धारित की है।

याचिका में दावा किया गया है कि ऐतिहासिक तथ्यों, प्राचीन अभिलेखों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अजमेर दरगाह परिसर में पूर्व में शिव मंदिर विद्यमान था। याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय के समक्ष विभिन्न दस्तावेज, संदर्भ ग्रंथों और तर्क प्रस्तुत किए गए। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने मामले को गंभीर प्रकृति का मानते हुए आगे की प्रक्रिया जारी रखने का निर्णय लिया।

सुनवाई के पश्चात महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार ने कहा कि सरकार और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए तथ्यों पर अदालत ने संज्ञान लिया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार आगामी चरण में दरगाह परिसर का सर्वे कराए जाने की संभावना है, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। परमार ने इसे ऐतिहासिक सत्य की खोज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस प्रकरण में याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह ने पक्ष रखा और कानूनी बिंदुओं पर न्यायालय को अवगत कराया।

# डीग में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा की छत गिरी

- बैंक की छत गिरते ही भगदड़ मच गई, लोगों ने बाहर भाग कर जान बचाई
- हादसे के बाद बैंक के इमरजेंसी अलार्म बजने के बाद पुलिस भी बैंक पहुंची

**डीग/भरतपुर,** (निसं)। डीग में सोमवार दोपहर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच में छत के गिर जाने से हड़कंप मच गया। अचानक हुई इस घटना के समय बैंक में लंच समय होने से काफी कम ग्राहक थे और बैंककर्मी भी खाना खाने में व्यस्त थे। बैंक की छत गिरते ही बैंक में भगदड़ मच गई। लोगो ने बैंक से बाहर भाग कर अपनी जान बचाई। इस आपाधापी, हड़कंप व भगदड़ के बीच बैंक का कामकाज भी ठप्प हो गया।

बताया जाता है कि हादसे में बैंक के ब्रांच मैनेजर शेखर मुद्गल व हैड कैशियर चक्रेश तिवारी की जान बची है। सूत्रों ने बताया कि बैंक की छत से करीब चार बड़ी पट्टियों के साथ कई छोटी पट्टियों के गिरने से बैंक में धूल के गुबार के बीच चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए कुछ भी दिखाई नहीं दिया। बताया गया कि हादसे के बाद बैंक के इमरजेंसी अलार्म बजने के बाद पुलिस भी बैंक पहुंची तथा लोगों का हुजूम भी बैंक में लग गया। सुरक्षा की दृष्टि से फिलहाल बैंक को बन्द कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि अगर हादसा लंच टाइम से पहले या बाद में होता तो एक बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।

**हादसे में युवक की मौत :-** उदयपुर के गोगुन्दा थाना क्षेत्र में टेम्पो ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार रात में गोगुन्दा थाना क्षैत्र बीएसएनएल के सामने जगलिया मउडी रोड़ पर टेम्पों ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक लोगर लाल पुत्र गोपीलाल गमेती सुहावतों का गुडा चोरबावडी की मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई नन्दलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। लोगर बाइक लेकर अपने गांव से ससुराल सेमटाल जा रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया।

### कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला झालावाड

क्रमांक :- विविध/2025/9787-9808 दिनांक :-24-12-25

**नीलामी विज्ञिप्त**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस जिले के अधीन निम्नलिखित नाकारा वाहनों की खुली नीलामी निर्धारित कमेटी के समक्ष दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक वाहनों को जहां है जैसा है के आधार पर रिजर्व पुलिस लाईन झालावाड़ के परिसर में की जावेगी। बोली लगाने से पूर्व निम्नानुसार अमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा नगद राशि पुलिस अधीक्षक, कार्यालय जिला झालावाड़ में जमा करवानी होगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक क्रेता नीलामी से पूर्व नाकारा वाहनों एवं नीलामी की शर्तों का कार्यालय समय में कार्य दिवसों में अवलोकन कर सकते है। बोलीदाता फर्म के पास पेन नम्बर एवं जीएसटी का पंजीयन होना अनिवार्य है।

| क्र. स. | वाहन का नाम | मॉडल | वाहन संख्या | बुक वेल्यू | अमानत/ धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोलेरो | 2016 | RJ17UA4550 | 573619.88/- | 11500/- |
| 2 | बोलेरो | 2015 | RJ17UA4104 | 558475.13/- | 11500/- |
| 3 | बोलेरो | 2015 | RJ17UA4313 | 558780/- | 11500/- |
| 4 | बोलेरो | 2015 | RJ17UA4312 | 558780/- | 11500/- |
| 5 | बोलेरो | 2016 | RJ17UA4469 | 557025/- | 11500/- |
| 6 | बोलेरो केम्पर | 2015 | RJ17GA4867 | 531413.90/- | 11500/- |
| 7 | बोलेरो केम्पर | 2015 | RJ17GA4868 | 531413.90/- | 11500/- |
| 8 | थार जीप | 2015 | RJ17UA3838 | 496693.63/- | 10000/- |
| 9 | थार जीप | 2015 | RJ17UA3887 | 443361.93/- | 10000/- |
| 10 | थार जीप | 2013 | RJ17UA3163 | 485000/- | 10000/- |
| 11 | थार जीप | 2015 | RJ17UA3886 | 493029.50/- | 10000/- |
| 12 | थार जीप | 2015 | RJ17UA3889 | 443361.93/- | 10000/- |
| 13 | थार जीप | 2016 | RJ17UA4470 | 516664.25/- | 10500/- |
| 14 | थार जीप | 2015 | RJ17UA3885 | 493029.50/- | 10000/- |
| 15 | थार जीप | 2016 | RJ17UA4551 | 532329.88/- | 11500/- |
| 16 | थार जीप | 2016 | RJ17UA4552 | 532329.88/- | 11500/- |
| 17 | थार जीप | 2012 | RJ17UA2441 | 434493.92/- | 10000/- |
| 18 | टवेरा इन्टरसेप्टर | 2016 | RJ17UA4690 | 715922/- | 14500/- |
| 19 | टवेरा इन्टरसेप्टर | 2011 | RJ14UB9830 | 599990/- | 12000/- |
| 20 | मिनिबस 22 सीटर | 2012 | RJ17PA0980 | 870055.50/- | 17500/- |
| 21 | मिनिबस 32 सीटर | 2012 | RJ17PA1063 | 1145000/- | 23000/- |
| 22 | हीरो सुपर स्पलेन्डर | 2012 | RJ17SG8637 | 46023.88/- | 1000/- |
| 23 | हीरो सुपर स्पलेन्डर | 2012 | RJ17SJ1380 | 46023.88/- | 1000/- |
| 24 | हीरो सुपर स्पलेन्डर | 2013 | RJ17SK7346 | 46300/- | 1000/- |
| 25 | हीरो सुपर स्पलेन्डर | 2013 | RJ17SK7347 | 46300/- | 1000/- |
| 26 | हीरो सुपर स्पलेन्डर | 2015 | RJ17SM8210 | 44335.85/- | 1000/- |
| 27 | हीरो स्लेन्डर प्लस | 2015 | RJ17SM8171 | 39537.35/- | 1000/- |
| 28 | हीरो स्लेन्डर प्लस | 2015 | RJ17SM8175 | 39537.35/- | 1000/- |
| 29 | स्टॉर सीटी | 2015 | RJ17SN7736 | 43431.18/- | 1000/- |
| 30 | स्टॉर सीटी- | 2015 | RJ17SN7737 | 43431.18/- | 1000/- |
| 31 | स्टॉर सीटी- | 2015 | RJ17SN7738 | 43431.18/- | 1000/- |
| 32 | स्टॉर सीटी | 2015 | RJ17SN7747 | 43431.18/- | 1000/- |
| 33 | बोलेरो | 2015 | RJ17UA4103 | 558475.13/- | 11500/- |
| 34 | बोलेरो | 2017 | RJ17UA5114 | 607167.53/- | 12500/- |
| 35 | बोलेरो | 2017 | RJ17UA5115 | 607167.53/- | 12500/- |
| 36 | जीप | 2017 | RJ17UA5112 | 555379.63/- | 11500/- |
| 37 | जीप | 2017 | RJ17UA5595 | 596345.00/- | 11500/- |
| 38 | टवेरा | 2014 | RJ17UA1122 | 879313.00/- | 18000/- |
| 39 | स्विफ्ट डिजायर | 2015 | RJ20CD6474 | 579201.46/- | 12000/- |
| 40 | बोलेरो | 2017 | RJ17UA5113 | 627472.53/- | 13000/- |

**वाहन नीलामी की शर्त निम्नानुसार है:-**

- नीलामी में भाग लेने हेतु प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी से पूर्व दिनांक 20.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक उपरोक्तानुसार वाहन की धरोहर राशि जमा करानी होगी, निर्धारित समय के पश्चात किसी भी सूरत में बोलीदाताओं से धरोहर राशि जमा नहीं की जावेगी। असफल बोलीदाताओं का धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने पर वापिस लौटा दी जावेगी।
- जिस बोलीदाता की अधिकतम बोली स्वीकार की जावेगी, उसे बोली की 50 प्रतिशत राशि उसी समय जमा करानी होगी एवं शेष राशि 3 दिवस के अंदर जमा करवाकर वाहन को ले जाना होगा।
- नीलामी से उचित मूल्य प्राप्त नहीं होने या नीलामी कमेठी को बिना कारण बताये नीलामी स्थगित करने का पूर्ण अधिकारी होगा।
- जीएसटी / राजकीय बिक्रीकर नियमानुसार वाहन खरीददाता को अलग से देना होगा।
- उपरोक्त वाहनों का निरीक्षण/अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पर रिजर्व पुलिस लाईन झालावाड़ की एमटीशाखा में किया जा सकता है।
- किसी भी प्रकार के विवाद का न्यायिक क्षेत्राधिकार जिला झालावाड़ होगा।
- नीलामी समाप्ति होने के बाद वाहनों को नीलामी स्थान से स्वंय के खर्चे पर ले जाना होगा।
- नीलामी कर अंतिम रूप से पुष्टि होने के उपरांत सफल बोलीदाता द्वारा शेष 50 प्रतिशत राशि 03 दिवस के भीतर जमा नहीं करवाने पर धरोहर राशि व 50 प्रतिशत जमा राशि जब्त कर ली जावेगी।
- वाहन का आरक्षित मूल्य नीलामी कमेटी द्वारा निर्धारित किया जा चुका है तथा इस आरक्षित मूल्य से आगे नीलामी बोली 1000/- रू. के गुणक में लगानी होगी।
- नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता स्वंय के पहचान दस्तावेज एवं स्थायी निवास की सत्यापित फोटोप्रति जमा करानी होगी।
- वाहन को नीलामी स्थल से जहां है, जैसी स्थिति में है, उसी स्थिति में प्राप्त करना होगा।
- नीलामी से संबंधित कोई भी कार्मिक नीलामी बोली में में भाग नहीं ले सकेगा।
- शेष शर्ते वित्तिय एवं लेखा नियम के अनुसार लागू होंगी।
- नीलामी बोली से संबंधित नियम शर्ते विभागीय वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक
जिला झालावाड़

DIPR/C/526/2026

### RAJASTHAN PUBLIC SERVICE COMMISSION

**EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR EMPANELMENT OF INTERESTED AGENCIES FOR OPTICAL MARK RECOGNITION (OMR) SHEETS SCANNING WORK**

No. F11(01)Scanning/EOI/RPSC/2025-26/93 Date: 19.01.2026

EOI invited from experienced companies/agencies/firms for the work related to capturing OMR image, scanning of OMR sheets readable on OMR system and other activities related to processing of data.

| S.No. | Particulars | Date |
|---|---|---|
| 1 | Date of uploading EOI on RPSC website | 19.01.2026 |
| 2 | EOI submission start date | 19.01.2026 |
| 3 | Last date and Time of EOI submitting in RPSC through post of personal | Date: 09.02.2026 Time:6.00 PM |
| 4 | Date of opening Technical proposal | 11.02.2026 |
| 5 | Empanelment Security Deposit | Rs. 1,00,000/- |
| 6 | Fee for empanelment | Rs. 2,000/- |
| 7 | Period of empanelment | Three (03) years, Extendable for further one year at a time on same rate, terms and conditions, if required. |

Details of Scope of Work & other pre-qualification are available on the RPSC Portal https://rpsc.rajasthan.gov.in/tenders. The applications will be evaluated by Evaluation Criteria, Pre-Qualification etc. Shortlisting, Empanelment does not mean allotment of work. The expression of interest (EOI) may be submitted Offline not later than last date and time mentioned above in table, to the following address: Deputy Secretary (Scanning) Rajasthan Public Service Commission, Ghooghara Ghati, Jaipur Road, Ajmer-305001 (Rajasthan).

(Ashutosh Gupta, IAS)
Chief Controller of Examination

DIPR/C/880/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर

क्रमांक-3034 दिनांक-02.01.2026

**Notice Inviting Bid : 27/2025-26**

Bid for the "Various Civil Works" are invited from interested bidders from 05.01.2026 [9.30 AM] to 19.01.2026 [06.00 PM] & Open date 20.01.2026 [11.00 AM] other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 165.29 Lakhs.

UBN NO. PWD2526WSOB20022, PWD2526WSOB20023, PWD2526WSOB20024, PWD2526WSOB20025, PWD2526WSOB20026, PWD2526WSOB20028, PWD2526WSOB20030, PWD2526WSOB20031

Executive Engineer
PWD City Division, Bikaner

DIPR/C/427/2026

### राजस्थान सरकार — कार्यालय अधिशाषी अभियंता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

स्वास्थ्य भवन त्यागी वाटिका, जेल वैल, बीकानेर

फोन-0151-2201142 email-eemhbikaner@mail.com

क्रमांक EE/M&H/BKN/2025-26/3105 दिनांक-08.01.2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या-58/2025-26**

निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला बीकानेर में कुल रू. 427.09 लाख के 03 कार्य उप जिला अस्पताल पर विद्युत कार्यो हेतु निविदा में बताये अनुसार श्रेणी के संवेदकों के समक्ष उपर्युक्त विद्युत श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे/एमईएस इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त विद्युत श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.diponline.org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. 1. NRH2526WSOB02178, 2. NRH2526WSOB02179, 3. NRH2526WSOB02180

(शिम्भू राम जाटव)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, बीकानेर

DIPR/C/831/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग खण्ड सांचौर

एन.एच. 68 PHED Campus सांचौर (जालोर)

Te.Pho. No. 02979-283624 E-mail: eephedscr@gmailcom

क्रमांक-अ.अ./जन स्वा./सॉ/निविदा/2025-26/1549 दिनांक-08.01.2026

**निविदा सूचना संख्या-12/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Construction and Commissioning of 250 mm dia tube wells Submersible pump sets etc. complete work in all types of state including defect liability period of 2 years under division Sanchore |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखों में) | कुल निविदा 03 रू. 32.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 10.01.2026 से 20.01.2026 को 13.00 बजे तक |
| निविदाऐं खोलने की तिथी व समय | 21.01.2026 को 15.00 बजे से |
| UBN NO. | PHE2526WSOB10633, PHE2526WSOB10634, PHE2526WSOB10635 |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट एवं पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेंगे।

(पृथ्वीसिंह)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सांचौर

DIPR/C/694/2026

### कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :- राजकाज 19952127 दिनांक :- 15/01/2026

**ई-बिड सूचना संख्या:- जोन विद्युत-प्रथम/22/2025-26**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से विद्युत के कार्यो हेतु संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से विद्युत कार्यो हेतु ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, बिड बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, बिड शर्ते आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

Tender ID / UBN No. : JOD2526WSOB00531 To JOD2526WSOB00533

NIB Code : JOD2526A0238

राज.संवाद/सी/25/17838 अधिशाषी अभियंता (विद्युत-I)

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर

क्रमांक-3117 दिनांक-08.01.2026

**Notice Inviting Bid : 29/2025-26**

Bid for the "Various Civil Works" are invited from interested bidders from 07.01.2026 [9.30 AM] to 19.01.2026 [06.00 PM] & Open date 20.01.2026 [11.00 AM] other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 206.15 Lakhs.

UBN NO. PWD2526WSOB20329, PWD2526WSOB20330, PWD2526WSOB20331, PWD2526WSOB20333, PWD2526WSOB20334, PWD2526WSOB20335, PWD2526WSOB20336, PWD2526WSOB20338, PWD2526WSOB20341, PWD2526WSOB20342, PWD2526WSOB20343, PWD2526WSOB20344

Executive Engineer
PWD City Division, Bikaner

DIPR/C/705/2026

### राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड

**निविदा आमंत्रण सूचना**

इस वृत्त कार्यालय के अधीन निम्न कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

1. कार्यालय अधीक्षण अभियंता (प्र.व नि.) रा वि प्र नि, रतनगढ़ में निविदा संख्या BN- 3010002514 (UBN- VPN2526WSOB02590)

निविदा विनिर्देश मय विस्तृत निविदा, निविदा की लागत, धरोहर राशि एवं निविदा प्राप्ति तथा खुलने की तिथि एवं शुद्धि पत्र वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in और https://energy.rajasthan.gov.in/rrvpn पर देखी तथा डाऊनलोड की जा सकती हैं।

रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7345/2026
राज.संवाद/सी/25/17861

अधीक्षण अभियंता
(प्र. व नि.), रतनगढ़

### कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, पाली

पता :- राउप्रावि आदर्श नगर पाली, दुरभाष न. 02932-299336, ईमेल : adpcrmsapali@gmail.com

क्रमांक :- अजिपस/समसा/पाली/निविदा/2025-26/220 दिनांक :- 16/01/2026

**अल्पकालीन ई- निविदा सूचना 14/2025-26**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय प्री-प्राईमरी शिक्षकों के प्रशिक्षण में भोजन, आवास एवं अन्य आवासीय व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की गई है जिसकी अनुमानित लागत 19.00 लाख रु. है उक्त निविदा ऑनलाईन जमा करवाने की अंतिम तिथि 20.01.2026 साय: 06:00 बजे तक है एवं बिड दस्तावेज की मूल प्रति जमा करवाने की अंतिम तिथि 21.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक है उक्त बिड की तकनीकी बिड उपापन समिति के समक्ष दिनांक 21.01.2026 को दोपहर 02:00 बजे खोली जायेगी।

UBN No. : RSE2526SLOB06492

राज.संवाद/सी/25/17899

अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा पाली

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा जिला धौलपुर

क्रमांक-1132-1145 दिनांक-05.01.2026

**निविदा सूचना संख्या- 14/2025-26**

NIB CODE: PWD2526A4999, UBN IS: PWD2526WSOB20044, PWD2526WSOB20045, PWD2526WSOB20046

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड राजाखेडा जिला धौलपुर में सडक एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए" एवं "ए" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजाखेडा |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | सडक मरम्मत कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | रू. 27.10 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1) निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2) प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-(02) (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3) धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड कराने की तारीख (बेवसाइट पर) | दिनांक 07.01.2026 प्रात 09.30 बजे दिनांक 27.01.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (बेवसाइट पर) | दिनांक 07.01.2026 प्रात 09.30 बजे दिनांक 27.01.2026 सायं 6.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (बेवसाइट पर) | दिनांक 28.01.2026 दोपहर 03.00 बजे |

(सौरभ शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा

DIPR/C/438/2026

### कार्यालय नगर परिषद बारां (राज.)

nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड, बारां Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा / निर्माण / 2025 / 9734-35 दिनांक : 13.01.2026

**ई-टेण्डर सूचना संख्या : निर्माण 95/2025-26**

नगर परिषद बारां द्वारा राजस्थान सरकार के अभियांत्रिकी विभागो में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको अथवा पीडब्ल्यूएफएआर रूल्स के अन्तर्गत पात्र संवेदको से विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें। कार्यो की लागत 20.42 लाख रूपये से 47.79 लाख रूपये तक है तथा UBN No. निम्नानुसार है :- 1. DLB2526WSOB30333, 2. DLB2526WSOB30334, 3. DLB2526WSOB30335, 4. DLB2526WSOB30336

राज.संवाद / सी / 25 / 17896

आयुक्त
नगर परिषद बारां

### डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय) जोबनेर, जयपुर (राजस्थान) 303329

क्रमांक :- प. ( ) डेविप्राम/श्रीकनकृविवि/2025/4274 दिनांक :- 12/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय जोबनेर, जयपुर (राजस्थान) 303329 में विभिन्न श्रेणी के फर्नीचर की आपूर्ति की ई-बिड प्रपत्र वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं http://sppp.rajasthan.gov.in and www.sknau.ac.in देखा जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.01.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक अपलोड करवाई जा सकती है। ई-निविदा की अनुमानित राशि रू. 35.30 लाख है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 29.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

UBN No. : SKN2526GLOB00376

राज.संवाद/सी/25/17854 अधिष्ठाता

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.

E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141

क्रमांक:-नपाप. / विकास शाखा / 2025-26 / 3898 दिनांक:- 13.01.2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार बोनाफाइड / अधिकृत ईच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 21.01.2026 का 10:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2526B0271

UBN NO : DLB2526GSOB30373

राज.संवाद / सी / 25 / 17810 अधिशाषी अधिकारी

# हिस्ट्रीशीटर ने घर के बाहर बैठे युवक को गोली मारी

## स्थानीय लोगों ने फायरिंग की घटना के विरोध में थाने के बाहर किया प्रदर्शन




ब्रह्मपुरी इलाके में सोमवार सुबह फायरिंग की वारदात के बाद मौके पर भीड़ लग गई। उधर वारदात के बाद लोगों ने पुलिस थाने का घेराव किया। फोटो-राष्ट्रदूत

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। ब्रह्मपुरी थाना इलाके में सोमवार सुबह आदतन बदमाश ने घर के बाहर बैठे एक युवक पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गया। युवक की चीख-पुकार की आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पर्चा बयान के आधार आरोपी हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है।

थाना प्रभारी राजेश गौतम ने बताया थाना इलाके में स्थित गंगा पोल इलाके में सोमवार सुबह 9 बजे बबलू महावर (30) अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान हिस्ट्रीशीटर हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा (25) अपने साथी के साथ बाइक पर आया और बबलू पर गोली चला दी। गोली बबलू महावर की जांघ पर लगी।

- ब्रह्मपुरी इलाके में सोमवार सुबह वारदात हुई, आरोपी मौके से फरार
- पुलिस ने एफएसएलएल टीम की सहायता से जुटाए महत्वपूर्ण सबूत
- हिस्ट्रीशीटर रवि मेहरा के खिलाफ पूर्व में ब्रह्मपुरी में 15 और सुभाष चौक थाने में 11 मुकदमे दर्ज

पुलिस छानबीन में सामने आया है कि आरोपी रवि मेहरा ने गोली बबलू के चचेरे भाई अजय पर चलाई थी, लेकिन अजय तुरंत उसके निशाने से हट गया और गोली बबलू को लग गई। गोली चलाने के बाद रवि अपने साथ के साथ बाइक से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल अवस्था में बबलू को तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल भिजवाया। जिसके बाद सैकड़ों कॉलोनी वासियों ने थाने के बाहर एकजुट होकर आरोपी की गिरफ्तार के लिए विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया और उसकी परेड निकालने के साथ सुरक्षा की मांग की।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि रवि 15 दिन पहले भी इलाके में हवाई फायरिंग करके गया था। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। लेकिन शिकायत के बाद भी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की और उसके हौसले ओर बुलंद हो गए।

थानाधिकारी राजेश गौतम ने बताया कि आरोपी रवि मेहरा थाना इलाके का आदतन बदमाश है और पुरानी रंजिश के चलते उसने बबलू पर गोली चलाई है। आरोपी की तलाश में विशेष टीम का गठन किया गया है। जल्द ही उसे दबोच लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि आरोपी रवि के खिलाफ ब्रह्मपुरी थाने में 15 और सुभाष चौक थाने में 11 मामले पूर्व में दर्ज है। बताया जा रहा है कि 6 फरवरी को बबलू की बहन की शादी है और सोमवार को परिवार के साथ गणेश निमंत्रण देकर घर लौटे थे। घर आने के बाद बबलू घर के बाहर ही बैठ गया।

इसी दौरान बाइक पर रवि अपने साथी के साथ आया और गोली चला कर फरार हो गया। गोली और बबलू की चीख-पुकार की आवाज सुन बबलू की छोटी बहन घर के बाहर दौड़ कर पहुंची तो बबलू अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलने के बाद बबलू की मां भी घर से बाहन आ गई। उसे लगा बबलू के पेट में दर्द हो रहा है।जिसके कारण वो बेहोश हो गया होगा। लेकिन बाद में जांघ पर गोली लगने की जानकारी मिलने के बाद वो घबरा गई । बताया जा रहा है की बबलू के पेट में दर्द रहता है। जिसका उपचार चल रहा था।

# नगरीय विकास में गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊ विकास महत्वपूर्ण : देबाशीष पृष्टि



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव देबाशीष पृष्टि ने माणक ब्यूरो की कार्यशाला को संबोधित किया।

**जयपुर** (कासं)। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिकारियों-कार्मिकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसका सोमवार को जयपुर स्तिथ आरआईसी में शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य शहरी विकास, आवास एवं निर्माण सेवाओं से संबंधित क्षेत्रों में भारतीय मानकों की उपयोगिता, अनुपालन एवं उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन करना है।

- **नागौर पशु मेले की पहचान दूर-दराज तक हैः जिला कलैक्टर अरुण कुमार पुरोहित**



कलैक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

**नागौर,** (निसं)। जिला मुख्यालय पर मानासर के पास पशु मेला मैदान में हर वर्ष आयोजित होने वाले श्री रामदेव पशु मेले का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस दौरान जिला कलैक्टर अरुण कुमार पुरोहित व जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने झंडा पूजन करने के बाद झंडारोहण कर मेले की विधिवत शुरुआत की। छात्राओं द्वारा मेले में आए अतिथियों एवं पशुपालकों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. महेश कुमार मीणा ने मेले की रूपरेखा प्रस्तुत की।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला कलैक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने कहा कि नागौर में मेला व्यवस्था से जिले के पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। वहीं इस मेले का देश-विदेश में भी बड़ा महत्व है। उन्होंने बताया कि नागौर पशु मेले की पहचान राज्य से बाहर भी है। यहां पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राज्य से बाहर के कलाकार आने के लिए उत्सुक रहते हैं। उन कलाकारों की आजीविका भी नागौर पशु मेले से जुड़ी हुई है। इस प्रकार अन्य राज्यों का रिश्ता भी हमारे नागौर पशु मेले से बना हुआ है। मेले की महत्वता आज भी बरकरार है।

कलैक्टर पुरोहित ने कहा कि नागौरी बैल खेती के साथ अन्य राज्यों में नस्ल सुधार व नस्ल बढ़ाने के लिए भी काम आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि चाहे डेयरी उत्पाद बनाने हो या बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक दूध की जरूरत हो, वह पशुओं के माध्यम से ही पूरी हो पाती है। मेले में कुछ कुछ समस्याएं जरूर आई है, इसके लिए पिछली बार भी काफी प्रयास किए गए थे और इस बार भी समय रहते सरकार को अवगत कराया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि पशु मेला सामाजिक सौहार्द व सामाजिक एकरूपता का परिचायक है। यहां हर प्रदेश से, हर कोने से, हर धर्म व हर जाति व समाज के लोग आते हैं। जो मेले में व्यापार करते हैं, रिश्ते निभाते हैं और नागौर की पहचान लेकर लौट जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले का स्टार नागौरी बैल है, उसके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। उन्होंने बताया कि लोगों का आजकल मोबाइल पर स्क्रीन से जुड़ाव ज्यादा हो गया है व्यक्तिगत जुड़ाव कम है, ऐसे में मेले ही एक ऐसा अवसर है जिसमें सभी एक स्थान पर मिलते हैं, अपने दुख दर्द बांटते हैं और यहां से कुछ नया सीखकर जाते हैं।

इससे पूर्व पदमश्री अवार्डी हिम्मताराम भांबू ने कहा कि हर घर में गाय पालने की आवश्यकता है। उन्होंने गाय के दूध, गोबर, मूत्र आदि की महत्वता भी बताई। इस अवसर पर किसान व समाजसेवी प्रेमसुख जाजड़ा, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सेन, जिला परिषद सीईओ अरविंद जाखड़, सीओ पुलिस जतिन जैन, प्रोबेशनर आइपीएस डॉ. आदिती उपाध्याय सहित विभागीय अधिकारी व गणमान्य नागरिक एवं पशुपालक मौजूद रहे।

# श्रीगंगानगर : रेल अंडरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने ट्रेन रोकी

- **ग्रामीणों की मांग है कि जब तक आरयूबी नहीं बनेगा वे ट्रैक पर ही बैठे रहेंगे**
- **मोहन नगर में आरयूबी की मांग को लेकर पिछले 15 साल से ग्रामीण विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। यहां रेल अंडर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर सोमवार सुबह ग्रामीणों ने पैसेंजर ट्रेन को रोक दिया और ट्रैक पर बैठ गए। ग्रामीण मांग करने लगे कि जब तक आरयूबी नहीं बनेगा वे ट्रैक पर ही बैठे रहेंगे। इसी मांग को लेकर सूरतगढ़ के लोग सुबह दस बजे मोहननगर रेलवे स्टेशन के पास बने ट्रैक पर पहुंचे और श्रीगंगानगर-सूरतगढ़ ट्रेन को रोक दिया गया। इस दौरान ट्रेन करीब 25 मिनट तक रुकी रही। सोमवार सुबह ग्रामीण अचानक ट्रैक पर पहुंच गए थे। ऐसे में यात्रियों को काफी परेशानी भी हुई। गांव के बुजुर्ग भी ग्रामीणों के साथ पहुंचे थे। इनका कहना था कि आरयूबी निर्माण नहीं हो जाता तब तक वे हटेंगे नहीं।

संघर्ष समिति एकता मंच, मोहन नगर के प्रधान सरदार दर्शन सिंह ने बताया कि मोहन नगर में आरयूबी की मांग को लेकर पिछले 15 साल से ग्रामीण विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। सोमवार सुबह श्रीगंगानगर से सूरतगढ़ जा रही ट्रेन को आक्रोशित ग्रामीणों ने रोक दिया। इससे पहले करीब 1 घण्टा तक 300 ग्रामीण रेलवे ट्रेक पर धरने पर बैठे थे। मोहन नगर ट्रेन पहुंचते ही रोक ली गई जिसके बाद ट्रेन में बैठे पीडब्लूयूडी के अधिकारियों ने ग्रामीणों से समझाइश की। रेलवे के अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं, पीडब्लूयूडी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को 6 माह में आरयूबी निर्माण करवाने का स्वीकृति पत्र सौंपा।

ग्रामीणों का कहना है कि मोहननगर और आस-पास के गांवों के लोग रोजाना इस रेलवे क्रॉसिंग से गुजरते हैं। स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चे, किसान, महिलाएं और बुजुर्ग तेज रफ्तार ट्रेनों के बीच पटरी पार करने को मजबूर हैं। कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन रेलवे प्रशासन आरओबी बनाने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। लंबे समय से लिखित शिकायतें और ज्ञापन दिए जा चुके हैं, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे आक्रोशित सुबह गंगानगर-सूरतगढ़ पैसेंजर ट्रेन पहुंचते ही ग्रामीणों ने इंजन के आगे ट्रैक पर धरना दे दिया और नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक आरओबी नहीं बनवाएंगे, तब तक ट्रेन नहीं चलेगी। ट्रेन में सैकड़ों यात्री फंसे रहे, कई ने परेशानी में उतरकर पैदल जाने की कोशिश की। रेलवे के स्थानीय अधिकारी और स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों को मनाने और बातचीत का प्रयास किया।

## पति ने पत्नी की हत्या की

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र में पति ने मारपीट कर पत्नी की हत्या कर दी। सूचना मिलने पर झाड़ोल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जनवरी रात में झाड़ोल थाना क्षेत्र गोदावाड़ा निवासी पप्पु पुत्र कालू खराड़ी तथा उसकी पत्नी प्यारीबाई (35) के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान कहासुनी तक बात बढ़ने पर पप्पुसिंह ने प्यारी के साथ मारपीट की तथा लात मार दी, जो पेट में लगने से वह गंभीर घायल होने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम ने मौके पर पहुंच कर मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। दोनों के बीच विवाद होने के दौरान पप्पु शराब के नशे में था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

# कपड़े की दुकान में आग लगाने वाला गिरफ्तार



गिरफ्तार आरोपी

**सांभरझील,** (निसं)। कस्बा दूदू में रात्रि को कपड़े की दुकान में हुई आगजनी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आग लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने एक जनवरी की रात्रि को मालपुरा रोड स्थित जीआर फैशन टेलर की दुकान में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित रामराज पुत्र घासीराम बैरवा निवासी गणेशपुरा द्वारा थाना दूदू में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रकरण में आगजनी की घटना करने वाले अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी की पहचान कर सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सरदार पुत्र पूरणमल निवासी धांधोली हाल निवासी मालपुरा रोड कस्बा दूदू का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि इस घटना में लिप्त अन्य आरोपी आरोपी सतवीर उर्फ सत्या गुर्जर निवासी छप्या की तलाश जारी है। पुलिस आरोपी से इस बात का पता लगाने में जुटी है कि आखिरकार उसने दुकान में आग किस कारण से लगाई, क्या कोई रंजिश थी अथवा अन्य और कोई कारण खुलासा होने के बाद हकीकत का पता चल सकेगा।

# कोटा में अवैध ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद, एक गिरफ्तार



केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए।

**कोटा,** (निसं)। मादक पदार्थ विरोधी अभियान जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा, भवानीमंडी और जयपुर के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर जयपुर-कोठपुतली हाइवे पर कार्रवाई करते हुए स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति को रोका, टीम ने व्यक्ति के पास से 23976 अवैध ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किए गए। उक्त कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति स्कूटी से अवैध साइकोट्रॉपिक पदार्थ लेकर जा रहा है। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि उक्त सूचना पर सीबीएन कोटा, भवानीमंडी और जयपुर की एक संयुक्त टीम गठित की गई और टीम को संदिग्ध मार्ग पर निगरानी हेतु रवाना किया गया। गठित टीम ने कड़ी निगरानी के दौरान संदिग्ध स्कूटी की पहचान करने के बाद उसे जयपुर- कोठपुतली हाइवे पर रोका। टीम ने तलाशी के दौरान स्कूटी पर सवार व्यक्ति के पास मौजूद एक कार्टून बॉक्स की तलाशी लेने पर 23976 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद किये। टीम ने मौके पर कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद अवैध ट्रामाडोल कैप्सूल एवं स्कूटी को जब्त कर लिया गया तथा टीम ने एनडीपीएस एक्ट में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

# एरिया डोमिनेशन अभियान में 18 जने गिरफ्तार



पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में चलाये गये एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुये 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालपुरा पुष्पेन्द्र सिह सोलंकी के सुपरविजन में वृत्ताधिकारी मालपुरा आशीष प्रजापत एवं मालपुरा थानाधिकारी चेनाराम बेडा के नेतृत्व में गठित विभिन्न पुलिस टीमों द्वारा एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान में की गई है। इस दौरान एरिया डोमिनेशन में अवैध मादक पदार्थ का परिवहन करने के खिलाफ कार्रवाई करते हुये 6.08 ग्राम स्मैक जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार अन्य टीम ने अवैध बजरी के विरुद्ध कार्रवाई कर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली मय अवैध बजरी के जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी चालक के विरूद्ध एमएमआरडी एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। इसी क्रम में टीम ने एनडीपीएस एक्ट के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये 6.08 ग्राम स्मैक जब्त कर आरोपी को किया गया। वहीं अभियान के दौरान 11 व्यक्तियों की गिरफ्तार कर पाबंद करवाया गया है।

**ट्रक चालक की अकाल मौत :** उदयपुर के टीडी थाना क्षेत्र में ट्रक चालक की अकाल मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टीडी थाना क्षेत्र में बारा हाइवे पर ट्रक चालक सिहोद झुंझनूं निवासी राजकुमार (30) पुत्र लिलाराम मीणा की रविवार को अकाल मौत हो गई। राजकुमार 17 जनवरी को अहमदाबाद से ट्रक लेकर दिल्ली जाने के लिए रवाना हुआ था।

# जोधपुर में चयनित पांच वार्डों में स्वच्छता के कार्य जारी

**उदयपुर,** (कासं)। मारवाड अंचल के नगर निगम जोधपुर द्वारा के.के. गुप्ता को जोधपुर शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से संबंधित समुचित मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आमंत्रित किया था। इसके पश्चात से गुप्ता द्वारा वृहद स्तर पर बैठक में लेते हुए स्वच्छ भारत मिशन के प्रत्येक मापदंड को जोधपुर शहर में लागू करने को निर्देशित किया गया।

जोधपुर नगर निगम आयुक्त द्वारा आदेशों की पालना में जोधपुर नगर निगम के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभिक चरण में चयनित पांच वार्ड संख्या 36, 8, 54, 99 और 82 में स्वच्छता अपनाने की दिशा में कार्य करते हुए जगह-जगह फैल रही गंदगी को हटाने, सड़क से अतिक्रमण मुक्ति, नाली और नालों की साफ सफाई, सामुदायिक शौचालय और मूत्रालय की दिन में तीन बार सफाई, सभी पांच वार्ड के प्रत्येक घर से नियमित रूप से कचरा संग्रहण करने आदि कार्य जारी है। जोधपुर शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट का सख्त रुख जारी है। इसी से जुड़े मामले में राज्य सरकार और नगर निगम ने कोर्ट को बताया है कि वे शहर को साफ रखने के लिए डूंगरपुर मॉडल के सूत्रधार के.के. गुप्ता की मदद ले रहे हैं। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्र शेखर शर्मा की खंडपीठ ने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई की। सरकार की ओर से कोर्ट को आश्वस्त किया है कि शहर से गंदगी और मलबा हटाने के लिए एक ठोस योजना तैयार की जा रही है। कोर्ट ने सरकार के आग्रह पर प्रगति रिपोर्ट पेश करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई 3 फरवरी को तय की है।

## बजरी भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**सरवाड़,** (निसं)। अवैध बजरी खनन परिवहन करने वालों के विरुद्ध सरवाड़ पुलिस ने कार्रवाई कर अवैध बजरी भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर दो जनों को गिरफ्तार किया है।

सरवाड़ थानाधिकारी रामपाल शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए ग्राम खिरिया गोयला में डाई नदी से बजरी खनन परिवहन की सूचना पर ग्राम जावला में नदी की पुलिया पर घेराबंदी कर अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। वहीं एक थार जीप जो एस्कोर्ट कर रही थी जो जावला से डिटेलकर ट्रैक्टर-ट्रॉली को सरवाड़ थाना परिसर में खड़ा करवाया गया। अवैध परिवहन में शामिल प्रदीप पुत्र रामलाल जाट व बलवंन्त पुत्र विक्रम जाट को गिरफ्तार कर लिया गया।

# सवाई माधोपुर शहर के 263वें स्थापना दिवस पर शोभायात्रा निकाली



सवाई माधोपुर के संस्थापक सवाई माधोसिंह प्रथम की प्रतिमा पर मंत्री डॉ. मीणा ने माल्यार्पण किया।

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। वर्ष 1763 में 19 जनवरी को सवाई माधोसिंह प्रथम द्वारा स्थापित सवाई माधोपुर शहर के 263वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर में शोभायात्रा निकाली गई। कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने इस यात्रा का नेतृत्व किया। शनिवार को शुरू हुये स्थापना दिवस समारोह के आयोजनों की श्रृंखला में यह सर्वाधिक लोकप्रिय कार्यक्रम रहा, जिसमें शहर की आम औरतों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। शोभायात्रा पुराने शहर के भैरू दरवाजे से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार होते हुए राजबाग मैदान पर सम्पन्न हुई। त्रिनेत्र गणेश भगवान तथा बाघों की नगरी के नाम से मशहूर सवाई माधोपुर शहर की रंग-बिरंगी सांस्कृतिक छटा बिखेरते लोक कलाकार, कलश धारण कर मंगल गीत गाती महिलाएं, बैण्डवादन के बीच विद्यार्थी, कच्छी-घोड़ी, बहरूपिया नृत्य आदि प्रस्तुत करते कलाकारों ने शहर के बाजार से गुजरते हुए लोगों का मनमोह लिया।

**पुष्पवर्षा से शोभायात्रा का स्वागत :-** ऊंट और घोड़े की सवारी भी शोभायात्रा का हिस्सा बनी। शहर के व्यापार मण्डलों, महिला संगठनों एवं आमजन ने विभिन्न चौराहों एवं छतों से पुष्प और रंगीन कागजों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान बाजार में जगह-जगह पर जयकारे से गूंजते रहे। डॉ. मीणा ने इससे पूर्व सवाई माधोपुर के संस्थापक सवाई माधोसिंह प्रथम की नगर परिषद परिसर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अतिरिक्त जिला कलैक्टर संजय शर्मा, नगर परिषद के पूर्व सभापति एवं उपसभापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भी शोभायात्रा में भाग लिया।

**विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास :-** कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने सोमवार को खण्डार तिराहे से रामद्वारा तक बाइपास निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस कार्य की लागत लगभग 15 करोड़ 70 लाख रुपये से अधिक है। डॉ. मीणा ने कोतवाली से भैरू दरवाजे तक लटिया नाले की सुरक्षा दीवार और सीसी सड़क के कार्य का शिलान्यास भी किया। इस कार्य की लागत 43 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें हम्मीर सर्किल का सौन्दर्यकरण, सार्वजनिक पार्क एवं वॉकिंग ट्रैक का निर्माण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलैक्टर संजय शर्मा, एसडीएम गौरव मिल, आयुक्त नगर परिषद देवेन्द्र जिन्दल, पूर्व सभापति और उपसभापति सहित कई पार्षद एवं जनप्रतिनिधि तथा आमजन उपस्थित थे।

## "अमरूद महोत्सव" का समापन

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबन्धन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि सवाई माधोपुर में स्थापित फूल उत्कृष्टता केन्द्र की तर्ज पर जिले में अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र भी संचालित किया जाएगा। क्षेत्र के किसानों को जैविक विधि से खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जैविक बीज प्रमाणीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा सोमवार को जिला मुख्यालय पर देश में पहली बार आयोजित "अमरूद महोत्सव" के औपचारिक समापन कार्यक्रम में मेले के प्रतिभागी किसानों, कृषि उद्यमियों, फल-फूल विशेषज्ञों और कृषि वैज्ञानिकों आदि को सम्बोधित कर रहे थे।

डॉ. मीणा ने कहा कि सवाई माधोपुर के किसानों को यह जानकारी व्यवहारिक रूप से समझाने के लिए "अमरूद महोत्सव" का आयोजन किया गया है। समापन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला कलैक्टर काना राम ने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लैब को लैन्ड से जोड़ने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आयोजित किया गया। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# बीकानेर-श्रीगंगानगर सेक्टर के सामने पाक आतंकियों ने तैयार किए दो कैम्प

- **खुलासे के बाद खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट मोड पर, गणतंत्र दिवस को देखते हुए बीकानेर सहित देशभर में अलर्ट जारी**
- **"ऑपरेशन सिंदूर" पूरी ताकत के साथ जारी है और पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की हरकत का जवाब 'तबाही' के रूप में दिया जाएगा ः भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी**

**बीकानेर,** (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर के पास बीकानेर और श्रीगंगानगर सेक्टर के सामने पाकिस्तानी आतंकियों ने फिर से दो कैम्प तैयार कर लिए हैं। इस खुलासे के बाद खुफिया एजेंसियां हाई अलर्ट मोड पर हैं। गणतंत्र दिवस को देखते हुए बीकानेर सहित देशभर में अलर्ट जारी किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर में करारी शिकस्त के बाद भी पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पार पाकिस्तान में आतंकियों के दो कैम्प फिर से शुरू हो गए हैं। यह कैम्प बीकानेर और श्रीगंगानगर सेक्टर के सामने बहावलपुर और फोर्ट अब्बास के बीच बताए जा रहे हैं। इस खुलासे के बाद देश की सभी खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। भारत-पाक बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

जानकारी के अनुसार भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने हाल ही में खुलासा किया है कि आठ आतंकी कैम्प अब भी पाक मौजूद हैं, जिनमें से दो कैम्प राजस्थान के बीकानेर और श्रीगंगानगर सेक्टर के सामने इंटरनेशनल बॉर्डर के पास दोबारा तैयार किए गए हैं। आर्मी चीफ ने साफ कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी ताकत के साथ जारी है और पाकिस्तान की ओर से किसी भी तरह की हरकत का जवाब 'तबाही' के रूप में दिया जाएगा।

गणतंत्र दिवस से पहले देश की खुफिया एजेंसियों ने एक गंभीर सुरक्षा अलर्ट जारी किया है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि खालिस्तानी आतंकी संगठन और बांग्लादेश स्थित आतंकवादी गुट दिल्ली समेत देश के कई प्रमुख शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ये संगठन भारत की आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, दहशत फैलाने और राष्ट्रीय पर्व के दौरान किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस अलर्ट के बाद केंद्र और राज्य सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और कई स्तरों पर सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पंजाब के गैंगस्टर अब खालिस्तानी और कट्टरपंथी संगठनों के लिए 'फुट सोल्जर' की भूमिका निभा रहे हैं।

खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, ये अपराधी गिरोह जबरन वसूली, हथियारों की तस्करी, हत्या और ड्रग्स जैसे अपराधों में पहले से सक्रिय हैं। इनका इस्तेमाल आतंकी संगठन अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने, डर फैलाने और साजिशों को अंजाम देने के लिए कर रहे हैं। इससे संगठित अपराध और आतंकवाद के बीच खतरनाक गठजोड़ बनता जा रहा है। खुफिया अलर्ट में बताया गया है कि ये गैंगस्टर नेटवर्क अब केवल पंजाब तक सीमित नहीं हैं। ये हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी सक्रिय हैं और धीरे-धीरे खालिस्तानी आतंकी तत्वों से अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। इन राज्यों में ये गिरोह हथियारों की तस्करी, रंगदारी, सुपारी किलिंग और नशे के कारोबार में शामिल हैं। आशंका है कि इन अवैध गतिविधियों से मिलने वाला पैसा आतंकी साजिशों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त

### वाल्मीकि समाज ने देवधाम जोधपुरिया में किया श्रमदान

**निवाई।** देवधाम जोधपुरिया में स्थित श्री देवनारायण मंदिर परिसर में वाल्मीकि समाज द्वारा सफाई अभियान को लेकर श्रमदान किया गया। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने मंदिर में सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों व श्रद्धालुओं को जागरूक करते हुए साफ-सफाई की। इस दौरान वाल्मीकि समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में आयोजित सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री रतनदीप गुर्जर, भाजपा नटवाडा मंडल महामंत्री आशाराम डोई बस्सी, विनोद चांवरिया, रामबाबू नकवाल, आशाराम बगड़ी व कमल पोसवाल बस्सी सहित कई कार्यकर्ता व श्रद्धालु मौजूद थे।

### शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**निवाई।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा कार्यकारिणी अलीगढ़, दूनी, देवली व नगरफोर्ट का शपथ ग्रहण समारोह मांडकला के श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित हुआ। तहसील प्रवक्ता प्रेमप्रकाश खंडवा ने बताया कि समारोह में पूर्व तहसील अध्यक्ष लल्लू लाल सेदरिया, तहसील अध्यक्ष निवाई कन्हैयालाल सिरस, राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम सेदरिया, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश चैनपुरा, महामंत्री शशिकांत मोहम्मद गढ़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वर जेतपुरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रहलाद चैनपुरा, जिला उपाध्यक्ष हनुमान बरथल, मंदिर अध्यक्ष रमेश मित्रपुरा, पूर्व मंदिर अध्यक्ष सुरेश खारी कुंई, पूर्व तहसील अध्यक्ष नारायण भुरटिया, कर्मचारी संघ सचिव लल्लूराम पहाड़ी, तहसील उपाध्यक्ष शिवदयाल खंडवा, दिनेश कुंडा, पूर्व सहायक प्रबंधक कजोड़मल सिरोही, सत्यनारायण नला, मंत्री हेमराज झिलाय व शंभू जुवाड़ सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### मौनी अमावस्या पर हुआ संकीर्तन

**निवाई।** श्री दामोदर गौशाला में मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर हरिनाम संकीर्तन का तथा गौ सवामणी का आयोजन किया गया। सत्संग मंडल के अध्यक्ष बद्रीनारायण पारीक ने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर, बहड़, डांगरथल, लालसोट, सिरस, पलेई व निवाई के सत्संगियों ने 3 घंटे तक भक्ति मय होकर हरि नाम संकीर्तन किया। सर्व प्रथम गौशाला अध्यक्ष प्रेमचंद बोहरा के नेतृत्व में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने गौ माता तथा स्वामी श्री कृष्णानंद महाराज का पूजन किया एवं गौ माता को गौ सवामणी का प्रसाद खिलाया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्संग मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भानु शर्मा, बृजमोहन खंडेलवाल, शिवरतन दरगड़, राजेंद्र टोडवाल, कैलाशचंद अग्रवाल, रामू अग्रवाल, रामबाबू भांची, ओमप्रकाश विजय, नाथूलाल शर्मा, हनुमान प्रसाद पारीक, हनुमान प्रसाद शर्मा, चंद्रप्रकाश खंडेलवाल व रामावतार दाधीच सहित कई सत्संगी मौजूद थे।

### 'स्वास्थ्यकर्मी योजनाओं से करें लाभान्वित'

**कोटपूतली।** स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा आमजन को दी जा रही सुविधाओं, विभागीय योजनाओं-कार्यो एवं सर्वे का बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा निरन्तर फिल्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यो में सुधार के निर्देष दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को भी बीसीएमओ डॉ. गुर्जर द्वारा कोटपूतली शहरी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौहल्ला बुचाहेड़ा, कोटपूतली में स्वास्थ्यकर्मियों को साथ ले जाकर उनके द्वारा किये गये कार्यो की जांच की। उन्होंने हैड काउन्ट सर्वे, ममता कार्ड, अनिमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत बच्चों को दी जा रही आईएफए सिरप, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत किये गये सर्वे, टीकाकरण, लाडो प्रोत्साहन योजना एवं मां वाउचर योजना आदि का निरीक्षण कर पाई गई ।

### शिविर आज

**कोटपूतली।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक डॉ. टी. शुभमगंला एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में मंगलवार 20 जनवरी को स्थानीय नगर परिषद कार्यालय परिसर में फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि शिविरो में खाद्य व्यापारियों के फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाये जायेगें।

# एडीएम ने पेंशन लाभार्थियों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए

**खैरथल।** जिला सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों राजकीय विद्यालयों में 22 निर्धारित पैरामीटर के आधार पर लंबित कार्यों को पूरा करने पालनहार योजना एवं यूडीआईडी कार्ड एवं प्रत्येक गिरदावर सर्किल में एक दिवसीय लगाए जाने वाले विशेष शिविरों सहित अनेक बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विभागों की समीक्षा बैठक ली।

- बैठक में प्रत्येक गिरदावर सर्किल में एक दिवसीय विशेष शिविरों व संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों, राजकीय विद्यालयों में 22 निर्धारित पैरामीटर के आधार पर लंबित कार्यों को पूरा करने सहित अनेक मामलों में दिए गए दिशा निर्देश

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बैठक के दौरान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को सभी राजकीय विद्यालयों में 22 निर्धारित पैरामीटर के आधार पर लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर वहां चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी लेने तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके साथ पालनहार योजना के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों को समय पर तैयार करने के निर्देश भी दिए ताकि लाभार्थी विद्यार्थियों को योजना का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे।

स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को सभी दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए। वहीं समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पेंशन लाभार्थियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से आच्छादित किया जाए, जिससे पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंच सके।

## संस्थान विवाह योग्य लाडली को देगी सो वर्गगज का प्लाट

**अलवर।** डॉ भीमराव अम्बेडकर सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा जिला अलवर पास सालपुर में प्लांट दिया जा रहा है लाड़ली योजना द्वारा गरीब परिवार एपीएल, खाद्य सुरक्षा में नाम है बीपीएल, विधवा महिला, विकलांगता महिला, परी तालाक महिला, अनाथ बच्चों को, बेसरा,वर्ग स्ष्ट को प्लॉट दे रही आवेदन की आखिरी तारीख, 31जनवरी है आवेदन फीस3100 रुपेए है और 100 वर्ग गज रजिस्ट्री के स्वरूप देना होगा जिसमें डेढ़ लाख रुपए तक है डॉ हरीश कुंद्रा विशिष्ट अतिथि रिंकू पार्षद वार्ड नंबर 42 श्याम लाल प्रदेश अध्यक्ष दलित संघ समिति संस्थान के प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह , राकेश कुमार बड़ोदा मेव राकेश कुमार रेलवे सुरेश सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश निशा सीमा घाट बांस संजना ग्रामवासी एवं संस्था के सभी पदाधिकारी एवं जिला का अध्यक्ष समाजसेवी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए दीवार पर पेपर बनाने की वर्कशॉप का आयोजन

**अलवर।** वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया की ओर से अलवर में अनोखी पहल की गई। इस पहल के तहत पुलिस अन्वेषण भवन के हाल में घुमंतु समुदाय के बच्चों के लिए दीवार पर पेपर बनाने की एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में देश के विभिन्न अखबारों में सम्पादक रहे वरिष्ठ पत्रकार राजेश रवि ने बच्चों को बताया कि कैसे दीवार के लिए एक अखबार तैयार किया जा सकता है।

इस वर्कशॉप में समुदाय के बच्चों ने ग्रुपों में काम करते हुए अखबार तैयार किया। इस अवसर पर वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया की ओर से प्रणाली, रुखसाना, सेवक सिंह, राहुल खान आदि उपस्थित थे। इसके अलावा बीएल वर्मा और प्रमोद मलिक ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया।



अलवर पुलिस अन्वेषण भवन के हाल में अखबार तैयार करने की तकनीक सीखते घुमंतु समुदाय के बच्चे ।

वरिष्ठ पत्रकार राजेश रवि ने कहा इस वर्कशॉप का उद्देश्य घुमंतु समुदाय के बच्चों को शिक्षा और कला के माध्यम से सशक्त बनाना था। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। उन्होंने दीवार पर पेपर बनाने की तकनीक सीखी और अपने हाथों से अखबार तैयार किया।

वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया की इस पहल की सराहना की जा रही है, जो समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को शिक्षा और कला के अवसर प्रदान कर रही है। इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होते हैं।

इस वर्कशॉप में बच्चों ने न केवल अखबार बनाना सीखा, बल्कि उन्होंने एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने का भी अनुभव किया। यह अनुभव उनके भविष्य के लिए बहुत उपयोगी होगा। इस अवसर पर उन्होंने ने बताया कि वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया की ओर से इस तरह के आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा, जिससे समाज के सभी वर्गों के बच्चों को शिक्षा और कला के अवसर प्रदान किए जा सकें।

# दौसा-बांदीकुई स्टेट हाइवे पर अतिक्रमण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**दौसा।** कुण्डल सहित आसपास के ग्रामीणों ने सोमवार को कुण्डल तहसीलदार हरकेश मिरोठा को ज्ञापन सौपकर स्टेट हाइवे दौसा कठुमर मेगा हाइवे की चोड़ाईकरण करने की मांग की। ज्ञापन में बताया की स्टेट हाइवे दौसा-बांदीकुई वाया कठुमर मेगा हाइवे पर खड़का से लेकर कुण्डल बगीची तक घंटों घंटों जाम लग रहता है जिससे राहगिरो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा कार्यालय मंत्री राम भरोसी शर्मा ने बताया कि जयपुर दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे में भेडोली इंटरचेंज होने के कारण इस स्टेट हाइवे पर अलवर, राजगढ़, बांदीकुई के लिए हजारों वाहनों की आवाजाही हो रही है।

- ज्ञापन में बताया की स्टेट हाइवे दौसा-बांदीकुई वाया कठुमर मेगा हाइवे पर खड़का से लेकर कुण्डल बगीची तक घंटों घंटों जाम लग रहता है जिससे राहगिरो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है



कुण्डल तहसीलदार को ज्ञापन सौपते हुये ग्रामीण।

इस स्टेट हाइवे 78 पर खड़का से लेकर कुण्डल बगीची तक हजारों वाहन फंस जाते हैं। जिससे घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने बताया की इस स्टेट हाइवे पर रोज दर्जनों एम्बुलेंस इमेरजैंसी मरिजो को लेकर दोडती है। जिनकी जाम में फंस जाने के कारण मरिजो की मृत्यु तक हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया की स्टेट हाइवे के दोनों तरफ कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिससे स्टेट हाइवे पर संकड़ा होने के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है।

उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि स्टेट हाइवे के दोनों तरफ हों रहें अतिक्रमण को हटा कर स्टेट हाइवे का चोडाईकरण करवाया जाए जिससे जाम होने की स्थिति से राहत मीले। इस अवसर पर रामप्रसाद गुर्जर, राजेन्द्र शर्मा, सिताराम शर्मा, श्रीनारायण शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, रवि कुमार शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं 23 जनवरी से प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित होने वाले एकल दिवसीय विशेष शिविरों के आयोजन के संबंध में पूर्व तैयारियों को लेकर निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल एवं जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रकरण निस्तारण के साथ निस्तारण की गुणवत्ता एवं परिवादियों के संतोष का भी ध्यान रखें एवं इस कार्य को गंभीरता से लेते हुये नियमित मॉनिटरिंग करें, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा की समस्त अधिकारीग फ्लैगशिप योजनाओं की धरातल पर क्रियान्विति सुनिश्चित करते हुये प्रत्येक पात्र तक इसका लाभ पहुंचाये। साथ ही बिजली, सड़क, पानी, चिकित्सा एवं अन्य आधारभूत सेवाओं के संबंध में निर्देश प्रदान किये।

**गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा :-** जिला कलक्टर ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सौंपे गये दायित्व एवं आवंटित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने निर्देश देते हुये कहा कि गणतंत्र दिवस-2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह को गरिमामयपूर्ण एवं उत्साहपूर्वक मनाये जाने के लिये सौंपे गये दायित्व अनुसार संबंधित अधिकारी समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करें।

**विशेष शिविरों का होगा आयोजन :-** जिला कलक्टर ने कहा कि बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी से प्रत्येक गिरदावर सर्किल पर आयोजित किये जाने वाले एक दिवसीय विशेष शिविरों द्वारा अधिक से अधिक कृषकों एवं पशुपालकों की - 206 में सहभागिता सुनिश्चित करते हुये विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ पहुंचाया जायेगा। सभी संबधित विभागीय अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुये पात्रों को लाभ सुनिश्चित करने के लिये तैयारियाँ पूर्ण करें। एडीएम ओमप्रकाश सहारण ने गणतंत्र दिवस एवं शिविर आयोजन की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# वीबी जी राम जी योजना को लेकर विधायक ने की प्रेस वार्ता

**पावटा।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वीबी जी राम जी को लेकर आज एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़, भाजपा राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए राजस्थान के मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने स्पष्ट किया कि मनरेगा को बंद नहीं, बल्कि और अधिक सशक्त और डिजिटल बनाकर 125 दिन के रोजगार की गारंटी दी गई है। भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण विकास और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर यह एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई वीबी जी राम जी योजना आमजन के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई एक दूरदर्शी और जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से विकास, सुशासन और पारदर्शिता को मजबूती मिलेगी तथा आम नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचेगा। वहीं उन्होंने इसे भ्रम करार देते हुए विकसित भारत - जी राम जी कानून के माध्यम से एक नए युग की शुरुआत बताया है। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि यह केवल नाम का बदलाव नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार मुक्त और जवाबदेह ग्रामीण भारत की आधारशिला है।




प्रेस वार्ता को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़, मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने संबोधित किया।

- वीबी जी राम जी योजना आमजन के हितों को ध्यान में रखकर बनाई गई एक दूरदर्शी और जनकल्याणकारी योजना है : रामलाल शर्मा

विधायक धनकड ने कांग्रेस के आरोपों की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि विपक्षी दल जनता के बीच मनरेगा बंद होने का सफेद झूठ फैला रहा है।

वही उन्होंने कहा कि भाजपा विचार व विकास के लिए काम करती है। कांग्रेस एक परिवार के लिए काम करती है। क्षेत्र में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संगठन पूरी तरह तैयार है। भाजपा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु बनकर कार्य करेंगे और योजनाओं को धरातल पर उतारने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वही उन्होंने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि भजनलाल सरकार ने विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाग्योदय का कार्य किया है। इस दौरान इस प्रेस वार्ता में विधायक व प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनकड, पूर्व विधायक व प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा, जयपुर जिला देहात उत्तर जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, जिला प्रभारी सतवीर यादव, जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, जिला कार्यालय प्रभारी अशोक सुरेलिया, गोपाल अग्रवाल सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली।** कांग्रेस पार्टी द्वारा मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में नियम के उल्लंघन का आरोप लगाया गया हैं। इसको लेकर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद्र सैनी के नेतृत्व में एसडीएम रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम से मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में नियम विरुद्ध तौर-तरीकों की शिकायत करते हुये तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में बताया कि प्रदेष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 12 अगस्त 2025 को मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है तथा 12 से 15 दिसंबर 2025 तक दावे और आपत्तियों की अवधि निर्धारित की गई थी। इस अवधि के दौरान बड़े पैमाने (बल्क) में फॉर्म नं. 06 एवं फॉर्म नं. 07 जमा किए गए हैं, जबकि इलैक्ट्रॉल मैनुअल 2023 के अनुसार ऐसा करना प्रतिबंधित है। कॉंग्रेस के अनुसार एक मतदाता केवल व्यक्तिगत दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

## सार-समाचार

### महावर वैश्य नवयुवक समिति के सुनील गुप्ता अध्यक्ष बने



**किशनगढ़ बास।** महावर वैश्य नवयुवक समिति किशनगढ़ बास के चुनाव समिति अध्यक्ष सतीश कुमार गुप्ता, बनवारी लाल गुप्ता एवं दयाराम कुचलिया के सानिध्य मैं निर्विरोध संपन्न हुए जिसमें सर्वसम्मति से सुनील कुमार गुप्ता बंबोरा वालों को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।इसके अलावा अमित गुप्ता करवड वाले व लोकेश गुप्ता खानपुर वाले को उपाध्यक्ष , मदन गुप्ता बरहेड़ा वाले सचिव, लोकेश कुचलिया कोषाध्यक्ष ,लोकेश गुप्ता बंबोरा वाले संगठन एवं प्रचार मंत्री, बनाए गए। समिति के विधिवत संचालन एवं मार्गदर्शन हेतु विनोद गुप्ता, सुरेश गुप्ता खानपुर वाले, महेश गुप्ता बास वाले ,सुभाष गुप्ता एवं मुकेश गोयल को समिति का संरक्षक नियुक्त किया गया है।इस दौरान मुकेश गुप्ता पम्प वाले , मांगीलाल गुप्ता, रिंकेश गुप्ता ,मदन लाल गुप्ता, प्रहलाद गुप्ता, रामावतार गुप्ता , हरचंदलाल गुप्ता ,जगदीश प्रसाद गुप्ता ,आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स को जमा कराना होगा जीवित प्रमाण पत्र

**खैरथल ।** निदेशालय पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण, राजस्थान जयपुर के निर्देशों की अनुपालना में जिले में लगभग 625 पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स के जीवित प्रमाण पत्र अब तक अपडेट नहीं हुए हैं। कोषाधिकारी कार्यालय खैरथल तिजारा द्वारा बताया गया है कि जिन पेंशनरों अथवा पारिवारिक पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र लंबित हैं, वे शीघ्र अति शीघ्र अपना जीवित प्रमाण पत्र संबंधित कोष कार्यालय / उपकोष कार्यालय में अथवा ऑनलाइन माध्यम से अपडेट कराना सुनिश्चित करें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जीवित प्रमाण पत्र के अभाव में पेंशन रोकी जा सकती है, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की स्वयं की होगी।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहपुरा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष भँवरलाल बुगालिया एवं सचिव पवन कुमार जीनवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद शाहपुरा स्थित जय माँ संतोषी लाईब्रेरी में शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष भगवती देवी द्वारा की गई। इस शिविर में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम, नई चेतना 4.0 " महिलाओं पर हिंसात्मक उत्पीडन, एवं महिला लैंगिक यौन उत्पीडन एवं वाणिज्यिक शौषण पर बताया कि आपको डिप्रेशन की स्थिति में डरना नहीं चाहिए। राजस्थान पुलिस मुख्यालय जारी महिला सुरक्षा के लिए जारी राज कॉर्प एप डाउनलोड करने का आग्रह किया। पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने अपने घरों में सब्जी उत्पादन हेतु बागवानी लगायें। फलदार पौधा जन्मदिन के शुभ अवसर पर बच्चें के उज्जवल भविष्य स्वास्थ्य आरोग्यता के नाम पर लगाना सुनिश्चित करें। तभी हर घर घर से पर्यावरण संरक्षण की पहचान बन सकेगी। इस शिविर में लाभार्थियों की संख्या 50 रही।

### दौड़ प्रतियोगिता 02 फरवरी को

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम दांतिल स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आगामी 02 फरवरी को स्व. इन्द्र सिंह भाटी की 10 वीं पुण्यतिथि पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 400 मीटर, 800 मीटर व 1600 मीटर दौड़ का आयोजन होगा, वहीं बालिकाओं के लिये 400 मीटर दौड़ होगी। आयोजक हरिसिंह भाटी ने बताया कि दौड़ सुबह 10 बजे शुरू होगी, जिसके बाद विजेताओं को अतिथियों द्वारा नकद ईनाम व मैडल देकर सम्मानित किया जायेगा। विजेताओ को कुल 51 हजार रूपये तक के ईनाम वितरित किये जायेगें। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक कर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को बढ़ावा देना हैं। कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, विधायक हंसराज पटेल, विधायक कुलदीप धनकड़, विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, भाजपा नेता मुकेश गोयल, पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़, एसपी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई, प्रधान महालेखाकार सतीश गर्ग, एसएमएस अस्पताल जयपुर के अधीक्षक, पार्षद, सरपंच समेत अन्य जनप्रतिनिधि षिरकत करेगें।

### भरतपुर सिटी सर्किल में नाकाबंदी

**भरतपुर ।** जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के निर्देश पर भरतपुर शहर सर्किल में रविवार शाम को नाकाबंदी कर शराब पीकर वाहन चलाने वालों और यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 42 लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है। सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त शहर पंकज यादव आईपीएस ने बताया कि शाम को दो घंटे सघन नाकाबंदी की जाकर कोतवाली, मथुरा गेट और अटलबंध थाने की टीमों ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 लोगों और सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उत्पात मचाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ़्तार किया है। सभी वाहन चालकों के वाहनों को भी पुलिस ने ज़ब्त कर लिया है। इसी प्रकार यातायात नियमों का उल्लंघन करने के विभिन्न मामलों में 33 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त शहर ने बताया कि असामाजिक तत्वों, शराब पीकर दूसरों की जान को संकट में डालने वालों और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित

**निवाई।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में वार्षिक उत्सव, वार्षिक खेल उत्सव व स्वर्गीय कल्याणमल अटल स्मृति हॉल मय बरामदे, पीएमश्री मद के विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विद्यालय के शैक्षिणक विकास कार्य सराहनीय है। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय कार्य करते हुए विद्यालय का गौरव बढा रहे है। उन्होंने विद्यालय के भामाशाह अटल बन्धुओं की भी प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका ने बताया कि कार्यक्रम में सैंकड़ों प्रतिभाओं के साथ भामाशाह मुकेश कुमार अटल, शंकरलाल अटल व राकेशकुमार अटल को पितृ स्मृति में स्थानीय विद्यालय में हॉल मय बरामदा निर्माण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय रैगर महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल, जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल अटल, पूर्व सरपंच शंकरलाल सैनी, प्रशासक फूला देवी, पूर्व सरपंच कमलेश चावला, राकेश मीना हनौतिया, पांचूलाल बैरवा, चतरपाल सिंह राजावत, प्रकाश जैन, संदीप सिंह राजावत, बाबूलाल खमौखरिया, बबलेश वर्मा, ताराचंद मण्डावलिया, नारायण माछलपुरिया, मदनलाल नोगिया, रूपनारायण खोलिया सहित कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे।

### 80 लाभार्थियों को 50-50 हजार रूपए के दिए चैक

**निवाई।** नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजनान्तर्गत 80 लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 50 हजार रूपए के चैक वितरित किए गए। जिससे लाभार्थियों में खुशी की लहर दौड गई। पालिका अध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेंवे। उन्होंने कहा कि नगरपालिका द्वारा शहर में करोड़ों रूपए के विकास कार्य हुए है। जिनका प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बतायाकि पटटा वितरण में नगरपालिका निवाई प्रथम स्थान पर रही है। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि प्रधान मंत्री आवास योजना 80 लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति 50 हजार रूपए के चैक दिए गए है।उन्होंने बताया कि कुल 40 लाख रूपये के चैक वितरित किए है।



स्मिथ ने कहा कि दोनों के बीच किसी तरह का कोई मनमुटाव नहीं है, और यह केवल गलतफहमी का मामला था। प्रसारण के दौरान दिखाए गए ट्रेनिंग फुटेज में भी दोनों खिलाड़ियों को आराम से बातचीत करते हुए देखा गया।

**- स्टीव स्मिथ**

**ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, बाबर आजम को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## अमन मोखाड़े



**24 साल** के विदर्भ के ओपनर अमन मोखाड़े के लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बनने का इतिहास रचने के बाद क्रिकेट की दुनिया में हलचल मच गई है। सिर्फ़ 16 इनिंग्स में यह उपलब्धि हासिल करते हुए, मोखाड़े ने देवदत्त पडिक्कल और अभिनव मुकुंद के 17 इनिंग्स के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। उनकी इस उपलब्धि ने साउथ अफ्रीकी लीजेंड ग्रीम पोलक के लंबे समय से चले आ रहे वर्ल्ड रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली, जिससे न सिर्फ़ भारत में बल्कि दुनिया भर के क्रिकेट फ़ैन्स में उत्साह पैदा हो गया।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टेस्ट मैच में 19 विकेट लेकर जिम लेकर ने अपने नाम विश्व रिकॉर्ड वर्षों पहले दर्ज किया था। जो आज तक कोई भी गेंदबाज नहीं तोड़ सका है।

## डोनोवन फरेरा के टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने पर संशय

नई दिल्ली, 19 जनवरी। साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर डोनोवन फरेरा आगामी टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। 20 लीग के दौरान उनके बाएं कंधे में गंभीर चोट लगी है। यह हादसा शनिवार



को जॉबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच में हुआ। मैच के दौरान आखिरी गेंद पर बाउंड्री बचाने की कोशिश में फरेरा कवर बाउंड्री पर डाइव लगाते हुए गलत तरीके से अपने बाएं कंधे पर गिर पड़े। गेंद बाउंड्री के पार चली गई। चोट के बावजूद वह बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन सिर्फ एक गेंद खेलने के बाद हाथ ठीक से न उठा पाने के कारण रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। स्कैन में फ्रैक्चर की पुष्टि मैच के बाद फरेरा ने कहा कि उन्हें कंधे में काफी तकलीफ है और वह स्कैन के लिए जाएंगे। ईएसपीएन क्रिक इंफो के रिपोर्ट के अनुसार, स्कैन में उनके कंधे में फ्रैक्चर पाया गया है। इस चोट के चलते डोनोवन फरेरा 20 के बाकी मैचों में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। जॉबर्ग सुपर किंग्स के पास अब भी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है, लेकिन इसके लिए टीम को सोमवार को पार्ल रॉयल्स के खिलाफ जीत दर्ज करनी होगी।

## युआन यू को हराकर इगा स्वियाटेक ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में

मेलबर्न, 19 जनवरी। पोलैंड की महिला टेनिस स्टार इगा स्वियाटेक ने सोमवार को चीन की युआन यू को एकल मुकाबले में हराकरऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये पहले राउंड में, चीन की युआन ने वर्ल्ड नंबर दो स्वियाटेक को कड़ी टक्कर दी, पहले सेट में टाईब्रेक तक ले गईं और दो घंटे के मैच में कुल नौ गेम जीते। इस शानदार प्रयास के बावजूद, छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियाटेक ने फिर भी 7-6 (5), 6-3 से जीत हासिल की। इगा स्वियाटेक दूसरे राउंड में चेक गणराज्य की मैरी बोज्कोवा से भिड़ेगी।

## डी मिनौर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में पहुंची

बेंगलुरु, 19 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई टेनिस स्टार एलेक्स डी मिनौर ने सोमवार को अमेरिका के मैकेंजी मैकडॉनल्ड को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये मुकाबले में दुनिया के नंबर 6 खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर को, अपने नौवें ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैकेंजी मैकडॉनल्ड के खिलाफ 6-2, 6-2, 6-3 से जीत हासिल करने में सिर्फ एक घंटा और 42 मिनट लगे। अपनी स्पीड और कंसिस्टेंसी के लिए जाने जाने वाले डी मिनौर ने पूरे मैच में अपनी खास एफिशिएंसी बनाए रखी। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, उन्होंने मैकडॉनल्ड की बिना वजह की 30 गलतियों का फायदा उठाया और 32 विनर्स के साथ मैच खत्म किया।

## राखिमोवा को हराकर कोको गॉफ ऑस्ट्रेलिया ओपन के दूसरे दौर में

मेलबर्न, 19 जनवरी। दो बार की चैंपियन कोको गॉफ ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में उज्बेकिस्तान की कामिला राखिमोवा को हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बना ली है। आज यहां रोड लेवर एरिना में खेले गये पहले दौर के मुकाबले में तीसरी सीड अमेरिकन खिलाड़ी ने उज्बेकिस्तान की राखिमोवा को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया। गॉफ ने खराब सर्विस प्रदर्शन, जिसमें सात डबल फॉल्ट किए, के बावजूद एक घंटे और 39 मिनट तक चले मुकाबले में अपनी जीत पक्की की। दूसरे राउंड में गॉफ मुकाबला बाएं हाथ की ओल्गा डैनिलोविक से होगा, जिन्होंने वीनस विलियम्स को तीन सेटों में हराया था। मैच के बाद गॉफ ने कहा, ओल्गा एक बेहतरीन खिलाड़ी है। यह एक मुश्किल मैच होगा लेकिन मैं इसके लिए उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि बाएं हाथ की एलेक्स एला के साथ अभ्यास से उन्हें तैयारी में मदद मिल सकती है।

## कोग्निवेरा पोलो कप : जयपुर में दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी का अनावरण

जयपुर/नई दिल्ली, 19 जनवरी। गुलाबी नगरी जयपुर में कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस ने राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से 'कोग्निवेरा पोलो कप 2026' की लगभग सात फीट ऊंची ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया है। यह दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी है। अब तक दुनिया की सबसे ऊंची पोलो ट्रॉफी होने का गौरव चेन्नई के कोलांका कप (6 फीट) के नाम था, लेकिन कोग्निवेरा पोलो कप की सात फीट ऊंची ट्रॉफी ने अब एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। इस भव्य ट्रॉफी का अनावरण जी स्टूडियो (सीतापुरा) में सोनू निगम के दीवाना तेरा टूर के दौरान जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। यह ऐतिहासिक टूर्नामेंट 26 जनवरी से शुरु होगा, इसका फाइनल मुकाबला एक फरवरी को खेला जाएगा। 8-गोल वाले इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश और दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ी और शानदार पोलो घोड़े अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले जयपुर के विभिन्न प्रतिष्ठित पोलो मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे।

# भारत की सीरीज हार के बावजूद सुनील गावस्कर ने कोहली, राणा की तारीफ की

इंदौर, 19 जनवरी। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली के बैटिंग टेम्परमेंट की तारीफ करते हुए कहा है कि स्टार बल्लेबाज उम्मीद के मुताबिक खेलने के बजाय स्थिति के अनुसार अपने खेल को बदलने की क्षमता रखते हैं। इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे के बाद जियोस्टार पर बातचीत में गावस्कर ने कहा कि कोहली की मानसिकता उन्हें कई समकालीन खिलाड़ियों से अलग बनाती है। गावस्कर ने कहा, "उनके बारे में खास बात यह है कि वह किसी इमेज से बंधे नहीं हैं। बहुत से बल्लेबाज और गेंदबाज इस बात से बंधे होते हैं कि उन्हें कैसे देखा जाता है और उन्हें लगता है कि उन्हें उस इमेज पर खरा उतरना होगा। विराट ऐसे नहीं हैं। वह अपने काम पर ध्यान देते हैं और वह काम रन बनाना है।"

गावस्कर ने कहा, "वह इस बात की उम्मीदों से बंधे नहीं हैं कि उन्हें कैसे खेलना चाहिए। वह स्थिति के अनुसार खेलते हैं। यही टेम्परमेंट महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा कि यह देखते हुए कि दबाव में भी हार न मानने का कोहली का रवैया उनका एक खास गुण है जो कि उन्हें अन्य से भिन्न बनाता है। कोहली पर यह टिप्पणी सीरीज के निर्णायक मैच में 108 गेंदों पर 124 रन की उनकी शानदार पारी के बाद आई है। न्यूजीलैंड ने यह मैच 41 रन से जीतकर ऐतिहासिक 2-1 से वनडे सीरीज जीत ली जो कि 37 साल के इंतजार के बाद भारतीय धरती पर यह उनकी पहली सीरीज जीत थी।

उन्होंने कहा, "आखिर तक भी वह कोशिश कर रहे थे। शायद दस्ताने थोड़े पसीने से गीले हो गए, ग्रिप थोड़ी ढीली हो गई, और इसीलिए बल्ले का मुंह घूम गया।" उन्होंने युवा क्रिकेटरों के लिए कोहली के इस रवैये को एक सबक के तौर पर भी बताया, और उनसे कहा कि वे पहले से बनी उम्मीदों के बजाय मैच की स्थितियों पर ध्यान दें।

गावस्कर ने ऑलराउंडर हर्षित राणा की निचले क्रम की बल्लेबाजी की भी तारीफ की और लक्ष्य का पीछा करने के अहम चरण में उनकी भूमिका की स्पष्टता की सराहना की। राणा ने 43 गेंदों पर 52 रन की जवाबी हमलावर पारी खेली और कोहली के साथ 99 रन की साझेदारी की, जिससे कुछ समय के लिए भारत की उम्मीदें फिर से जगीं।

गावस्कर ने कहा, "उन्होंने बिल्कुल वैसे ही बल्लेबाजी की जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज को करनी चाहिए, बिना किसी चिंता और बिना किसी उम्मीद के। उन्होंने कहा कि कोहली जैसे सीनियर खिलाड़ी के साथ राणा का शांत स्वभाव खास तौर पर प्रभावशाली था।"

# वनडे सीरीज के बाद शुभमन गिल नहीं करेंगे आराम, रणजी ट्रॉफी में पंजाब की उम्मीदों को देंगे बल



नई दिल्ली, 19 जनवरी। न्यूजीलैंड के विरुद्ध घरेलू वनडे सीरीज में मिली हार के बाद भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने आराम न लेने का फैसला किया है। वह गुरुवार से राजकोट में सौराष्ट्र के विरुद्ध पंजाब की ओर से अगला रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेलेंगे।

26 वर्षीय गिल ने हाल ही में समाप्त हुई तीन मैचों की वनडे सीरीज के सभी मुकाबले खेले थे, जिसमें भारत को 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, वह भारत की टी-20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसलिए उन्होंने तुरंत रेड बॉल क्रिकेट में वापसी करने का निर्णय लिया है।

गिल पंजाब की नॉक आउट में पहुंचने की बेहद कम उम्मीदों को जिंदा रखने में मदद करना चाहते हैं। पंजाब टीम के करीबी एक सूत्र ने बताया कि वनडे सीरीज के बाद शुभमन ने किसी भी तरह का ब्रेक न लेने का फैसला किया। इंदौर से राजकोट पहुंचने में उन्हें करीब आठ घंटे लगे, क्योंकि सीधी फ्लाइट उपलब्ध नहीं थी। पंजाब फिलहाल ग्रुप बी में पांच मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। लीग के अभी तीन मुकाबले बाकी हैं और पूर्व चैंपियन पंजाब को नॉकआउट में पहुंचने की वास्तविक उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने शेष सभी मैचों में सीधे जीत दर्ज करनी होगी।

ऐसे में शीर्ष क्रम में गिल की मौजूदगी को पंजाब की महत्वाकांक्षाओं के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। सौराष्ट्र के विरुद्ध यह मुकाबला गिल का रेड बॉल क्रिकेट में पहला मैच भी होगा, जब से उन्हें दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी, जिसके चलते वह लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर रहे। उनकी वापसी से पंजाब की बल्लेबाजी लाइन-अप को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जो इस सत्र में अब तक अस्थिर रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती जिम्मेदारियों के बावजूद भारतीय कप्तान घरेलू क्रिकेट को फार्म और मैच फिटनेस बनाए रखने के लिए हमेशा अहम बताते रहे हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन में पेड्रो मार्टिनेज को हराकर जोकोविच ने 100वीं जीत दर्ज की



मेलबर्न, 19 जनवरी। सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। आज यहां पूर्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-3, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार प्रदर्शन करते हुए मेलबर्न पार्क में अपनी 100वीं करियर जीत हासिल की। रिकॉर्ड 10 बार के ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन जोकोविच की अब टूर्नामेंट में रोजर फेडरर के 102 मैच जीतने के ऑल-टाइम रिकॉर्ड को तोड़ने पर नजर हैं।

मैच के बाद जोकोविच ने कहा, "मैं क्या कहूं। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा। सेंचुरी बनाना बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा मैं शुरू में बहुत भाग्यशाली था कि मुझे कुछ ऐसे लोग मिले जिन्होंने मुझे सिखाया और गाइड किया कि मैं अपने करियर में लंबी रेस का घोड़ा बनूं, जल्दी थक न जाऊं, और जितना हो सके उतना लंबा करियर बनाऊं। मैं खुशकिस्मत हूं कि मैं अभी भी इस स्तर पर खेल रहा हूं।"

जोकोविच ने अब ऑस्ट्रेलियन ओपन, विंबलडन और रोलैंड गैरोस में 100 या उससे अधिक जीत दर्ज की हैं और वह तीन अलग-अलग बड़े टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। इस जीत के साथ ही जोकोविच अपने लगातार 19वें ऑस्ट्रेलियन ओपन में दूसरे राउंड में पहुंच गये है। जहां जोकोविच का मुकाबला 23 साल के इटैलियन क्वालिफायर फ्रांसेस्को मेस्ट्रेली से होगा। डेब्यू करने वाले खिलाड़ी ने टेरेंस एटमेन को 6-4, 3-6, 6-7 (4), 6-1, 6-1 से हराकर किसी मेजर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

## विक्टोरिया म्बोको ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंची

मेलबर्न, 19 जनवरी। विक्टोरिया म्बोको ने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को सीधे सेटों में जीत के साथ दूसरे राउंड में जगह बनाई। आज यहां खेले गये मुकाबले में 17वीं सीड कनाडाई खिलाड़ी ने मेलबर्न पार्क में पहले राउंड के मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई किशोर एमर्सन जोन्स को 6-4, 6-1 से हराया। घरेलू खिलाड़ी को मिले जबरदस्त सपोर्ट के बावजूद, म्बोको ने शांत और दमदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहला सेट काफी कड़ा था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती चरणों में अपनी सर्विस बचाए रखी। 4-4 के स्कोर पर, म्बोको ने अपनी रणनीति बदली, अपने पावरफुल फोरहैंड और बेसलाइन से ज़्यादा निरंतरता दिखाते हुए जोन्स की सर्विस तोड़ी और सेट 6-4 से जीत लिया।

# जीत के लिए जोर लगाएंगी मुंबई और दिल्ली, वापसी पर रहेगी नजरें



वडोदरा, 19 जनवरी। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को जब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना अभियान वापस पटरी पर लाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। उसके खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं।

मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर दूसरे मैच में 195 रन का बचाव करते हुए सबसे निचले पायदान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से करारी शिकस्त दी। गुजरात जायंट्स पर सात विकेट से मिली जीत ने मुंबई इंडियंस के अभियान को कुछ गति प्रदान की, लेकिन यूपी वारियर्स के विरुद्ध लगातार दो हार से उसकी टीम बैकफुट पर चली गई। हालांकि मुंबई अभी पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी चिंता पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। हेली मैथ्यूज के चोटिल होने और शीर्ष क्रम में अमेलिया कर और जी कमलिनी के साथ किए गए असफल प्रयोगों के कारण मुंबई इंडियंस का टूर्नामेंट में पावरप्ले में रन रेट सबसे कम (6.50) रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की नहीं चल पाने के कारण कप्तान हरमनप्रीत और नैट सीवर ब्रंट पर बोझ बढ़ गया।



## सिंधु इंडोनेशिया मास्टर्स में करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई

जकार्ता 19 जनवरी। पिछले सप्ताह पहले राउंड में बाहर होने के बाद, पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करते हुए वापसी करने की कोशिश करेंगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में पहले ही राउंड में हारने के बाद इंडोनेशिया मास्टर्स में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है। पीवी सिंधु इस महीने की शुरुआत में सीजन के पहले मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची थीं और पहले राउंड में जापान की कम रैंक वाली मनामी सुइजू का सामना करेंगी।

महिला एकल मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ मालविका बंसोड़, तन्वी शर्मा और उन्नित हुड्डा भी होंगी। चीन की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन युफेई भी महिला एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं और वह पहले राउंड में उन्नित हुड्डा का सामना करेंगी। दुनिया के 14वें नंबर के भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन पिछले सप्ताह इंडिया ओपन में क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचने के अपने अच्छे प्रदर्शन को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। पूर्व वर्ल्ड नंबर वन किदांबी श्रीकांत भी अपने साथी खिलाड़ी एचएस प्रणय, तरुण मन्नेपल्ली और आयुष शेट्टी के साथ पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। युगल जोड़ी हरिहरन अमसकरुणन और एमआर अर्जुन पुरुष मुख्य ड्रॉ में एकमात्र भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जबकि ध्रुव कपिला/तनीषा क्रैस्टो और रोहन कपूर/रुथविका शिवानी गड्डे मिश्रित युगल में हैं।

## भावुक जोन्स चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया ओपन से रिटायर

मेलबर्न, 19 जनवरी। ब्रिटेन की नंबर तीन खिलाड़ी फ्रांसेस्का जोन्स को चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया ओपन में अपने पहले मुकाबले के बीच रिटायर होना पड़ा। आज यहां खेले गये मुकाबले पोलिश क्वालिफायर लिंडा क्लिमोविकोवा के खिलाफ अपने पहले राउंड के मैच की शुरुआत से ही ग्लूट की समस्या से जूझने के बाद जोन्स कोर्ट पर रोने लगीं। जेनेटिक बीमारी से पीड़ित 25 वर्षीय खिलाड़ी ने खेलने की कोशिश की, लेकिन आखिरकार 6-2 3-2 से पीछे रहने पर मैच छोड़ दिया।

## राज सिंह डूंगरपुर अंडर-14 राजस्थान-उत्तर प्रदेश मैच ड्रॉ

### राजस्थान के अनमोल शर्मा का शतक, आयुष रविन्द्र का अर्द्धशतक, भावेश बघेल की शानदार गेंदबाजी







जयपुर 19 जनवरी, इंदौर में खेली जा रही राज सिंह डूंगरपुर अंडर 14 ट्रॉफी राजस्थान - उत्तर प्रदेश मैच ड्रा समाप्त, मैच में राजस्थान के अनमोल शर्मा, आयुष रविंद्र, भावेश बघेल चमके :- उत्तर प्रदेश पहली पारी 425 / 7 घोषित, टीम के लिए अर्णव 176, सौरव 74 व हर्ष 56 रन, राजस्थान गेंदबाज भावेश बघेल 92 / 4, अनमोल शर्मा, गौरव पुनिया, लवमीत गुर्जर 1 - 1 प्राप्त किये।, राजस्थान पहली पारी 212 आल आउट, राजस्थान के लिए अनमोल शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेली, टीम के लिए 101 व दिव्यांशु धरातवाल नाबाद 31 रन, राजस्थान दूसरी पारी 167 / 7, टीम के लिए आयुष रविंद्र नाबाद 61, अभिमन्यु चौधरी नाबाद 24, अनमोल शर्मा 22 व गौरव पुनिया 20 रन।

# राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता ( संतोष ट्रॉफी ) की राजस्थान टीम घोषित




जयपुर, 19 जनवरी। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि असम में आयोजित अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा दिनांक 21 जनवरी से आसान में आयोजित राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड के लिए ग्रुप आई से क्वालीफाई करके राजस्थान टीम आज जयपुर से हवाई मार्ग के द्वारा असम के डिब्रूगढ़ में अपनी उपस्थिति दी रविवार को राजस्थान टीम की भाग लेने वाले खिलाड़ियों की घोषणा एवं जर्सी का अनावरण किया गया।

राजस्थान टीम का पहला मैच 21 जनवरी को उत्तराखंड से होगा। 23 जनवरी को तमिलनाडु, 25 जनवरी पश्चिम बंगाल 28 जनवरी आसाम ओर अंतिम मैच 30 जनवरी को नागालैंड से खेला जाएगा। टीम का प्रशिक्षण शिविर रॉयल फुटबॉल ग्राउंड जयपुर में कोच नरेंद्र सिंह राठौड़ के सानिध्य में लगाया गया। इस अवसर पर राजस्थान फुटबाल संघ महिला विंग चेयरपर्सन रोशनी टाक, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी उप पुलिस अधीक्षक राम सिंह शेखावत, पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मंत्री गुजरात चंदन सिंह चंपावत, जोधपुर सचिव दिनेश सिंह चौहान, टीम मैनेजर सुनील राव, समाज सेवी भवानी सिंह भाटी आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

टीम राजस्थान इस प्रकार है, मुकेश (कप्तान) अल्ताफ, विशाल, अमन त्यागी, अंकित, सौरभ छेत्रि, यश, सौरभ, ईशान, अमित, मिलन, अदनान, दुष्यन्त, राहुल ओझा (उप कप्तान), मोहित, आदित्य, राहुल, हिम्मत, कृष्णा, शुभम, अमनकला मनदीप। मैनेजर सुनील राव, कोच नरेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सिंह, लवकेश, फिजियो डॉ कुलदीप मील।

# टेनिस मास्टर्स एमटी-400 पुरुष वर्ग में दवल पटेल, वी.एस. सिंह नेगी, जगदीश तंवर, महिला वर्ग में विंग कमांडर रानी स्मिता, सोहिनी कुमारी, संजना जैन ने एकल खिताब जीता

जयपुर, 19 जनवरी। ओ.एन दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 पुरुष 75 में दवल पटेल ने 70 वर्ष आयु वर्ग में वी एस सिंह नेगी ने, 50 में जगदीश तंवर ने, महिला 40 में विंग कमांडर रानी स्मिता ने, 50 में सोहिनी कुमारी ने, 30 में संजना जैन ने एकल खिताब जीता। महिला और पुरुष वर्गों के फाइनल व सेमीफाइनल मैचों के नतीजे इस प्रकार रहे-

महिला 30 आयु वर्ग (डबल्स फाइनल) रानी स्मिता जैन और सोहिनी कुमारी की जोड़ी ने चेतना असेरी को 6-0, 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष 30 आयु वर्ग (सिंगल्स सेमीफाइनल), लविश नेहरा ने व्योमेश राणा को 6-2, 6-2 से पराजित किया।

दूसरे सेमीफाइनल में शशिकांत रमानी ने जगनमाया पाणिग्रही को 6-3, 6-4 से मात दी।




पुरुष 45 आयु वर्ग (सिंगल्स सेमीफाइनल)

रोहन भसीन ने सुमेश नायर को 6-4, 6-1 से हराया।

वहीं सम्राट भसीन ने दिलीप मोहंती को कड़े मुकाबले में 6-3, 5-7, 10-5 से पराजित किया।

पुरुष 50 आयु वर्ग (सिंगल्स फाइनल) जगदीश तंवर ने शलभ सिंहपुरिया को 6-0, 6-3 से हराकर खिताब जीता। पुरुष 55 आयु वर्ग (सिंगल्स सेमीफाइनल) श्रीनिवास रेड्डी गुन्नाला ने टिक्कम सिंह पंवार को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

दूसरे मुकाबले में बल किशन भाटिया ने अशुतोष अविनाश पेडणेकर को संघर्षपूर्ण मैच में 6-1, 6-7(4), 10-7 से हराया।

पुरुष 70 आयु वर्ग (सिंगल्स फाइनल)

भग नंद सिंह नेगी ने दिलीप शिवपुरी को 6-1, 6-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। पुरुष 75 आयु वर्ग (सिंगल्स फाइनल), धवल पटेल ने राजेंद्र गोयल को रोमांचक मुकाबले में 6-2, 6-7, 11-9 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

## यूपी के हर्षित ने दूसरी गुलाबी नगर शतरंज चैम्पियनशिप जीती



जयपुर, 19 जनवरी। उत्तर प्रदेश के दूसरे वरीयता प्राप्त हर्षित सिंह सभी 7 राउंड में अपराजित रहे और खिताब अपने नाम किया। टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरे पल देखने को मिले, जिसमें राजस्थान के वरिष्ठ खिलाड़ियों का प्रदर्शन आशा अनुरूप नहीं रहा और हर्षित सिंह के लिए जीत का रास्ता खुल गया। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्नव गुप्ता को चौथे और पांचवें राउंड में कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा और इस तरह उनकी जीत की उम्मीदें टूट गईं। कई उच्च वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा ही हुआ। 7 वर्षीय टीशा ब्याडवाल ने एक बार फिर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए छठे राउंड में वरिष्ठ खिलाड़ी अर्पित सक्सेना को चौंका दिया।




## 31 जनवरी व 1 फरवरी को होगा लीग का आयोजन डॉक्टर्स चैस लीग के छठे संस्करण की नीलामी संपन्न

जयपुर, 19 जनवरी। डॉक्टर्स चैस लीग की नीलामी का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल (एसडीएमएच), जयपुर में आयोजित हुआ, जहां लीग के चेयरमैन डॉ नीरज भुटानी ने बताया कि इस लीग में अक्स लेजर, अपेक्स, बेबीलोन, चिरंजीवी, डॉ राजाराम न्यूरो, डायबिटीज भवन, मैक्सक्यूर पैथलैब, निविक, न्यूरो केअर, निओ क्लिनिक, एस आर कल्ला व संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल ने विभिन्न वर्गों के खिलाड़ियों को बोली लगा कर अपनी टीम में खरीदा। लीग के सचिव डॉ ललित भरदिया ने बताया कि विभिन्न वर्गों में सर्वाधिक बोली, रुद्र काव्या, अनिल पूर्वा, प्रवीण कांत शर्मा, शिमोना अग्रवाल, व प्रखर मोदी पर लगी। वहीं, लीग के सचिव डॉ संजय सोगानी ने बताया कि इस ऑफलाइन टीम चैम्पियनशिप का आयोजन 31 जनवरी व एक फरवरी को दुर्लभजी आडिटोरियम में किया जाएगा।

# राज्य सरकार वंचित वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है- भजनलाल

## राष्ट्रीयकृत व निजी बैंकों के माध्यम से भी अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत कराए जा रहे हैं

जयपुर, 19 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वंचित वर्गों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार इन वर्गों के लिए स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सकें। अंत्योदय की भावना को केन्द्र में रखकर राज्य सरकार नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, ताकि विकसित, समावेशी एवं सशक्त राजस्थान बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा जा सके।

इसी दिशा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड ने उल्लेखनीय पहल की है। निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजनों के 1 हजार 381 लाभार्थियों को लगभग 20 करोड़ रुपये के रियायती ब्याज पर ऋण स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और इस योजना का उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार, व्यवसाय विस्तार और शिक्षा के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार प्रदाता बन सकें।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रक्रिया शुरु की गई थी। इसमें निर्धारित लक्ष्य 3,470 के मुकाबले अब तक 15,635 आवेदन योजना के प्रति बढ़ते विश्वास को दर्शाता हैं।**

मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी ऑनलाइन ऋण आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्धारित लक्ष्य 3 हजार 470 के मुकाबले 15 हजार 635 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जो योजना के प्रति आमजन के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में, जनवरी 2026 के दौरान जिला स्तरीय ऋण चयन समितियों द्वारा जिलेवार साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के बाद डीबीटी के माध्यम से ऋण राशि सीधे उनके खातों में पहुंच जाएंगी।

अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृत कराया जा रहा है। इसमें लक्ष्य 3 हजार 400 के विरुद्ध अब तक 2 हजार 670 व्यक्तियों को विभिन्न बैंकों से ऋण स्वीकृत कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रोजेक्ट लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 452 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है।

## कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करने की सलाह दी, क्योंकि ऐसा करने पर वरिष्ठ नेता एकजुट होकर उनके खिलाफ खड़े हो सकते थे। केरल कांग्रेस इकाई में वेणुगोपाल बहुत लोकप्रिय नहीं हैं, लेकिन राहुल गांधी के बेहद करीबी होने के कारण उन्हें लगता है कि वे केरल की सत्ता तक पहुंच सकते हैं।राहुल गांधी से 14 जनवरी के बाद एआईसीसी में पुनर्गठन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन उसे भी टाल दिया गया है। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन का फैसला भी फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। कांग्रेस की नीति किसी मुख्यमंत्री चेहरे को पहले से प्रोजेक्ट करने की नहीं रही है और यही स्थिति केरल में भी रहेगी। के.सी. वेणुगोपाल एआईसीसी में वह शख्स हैं, जो अधिकांश नियुक्तियों और फैसलों को नियंत्रित करते हैं, क्योंकि राहुल गांधी ने पार्टी का बड़ा हिस्सा उनके भरोसे छोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी वही करते हैं, जो के.सी. वेणुगोपाल कहते हैं। अब तक उनमें वेणुगोपाल के सामने खड़े होने का साहस नहीं दिखा है। इसलिए यह फैसला कि वेणुगोपाल जाएंगे या नहीं रहेंगे, कांग्रेस पार्टी की आंतरिक गतिविधियों और निर्णय प्रक्रिया को पूरी तरह बदल सकता है। एक वरिष्ठ नेता के शब्दों में, "तब तक इंतज़ार करो और देखो।"

## राहुल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गांधी स्टेडियम में शुभारंभ करेंगे। गांधी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुहन सोनकर के आवास जाएंगे और अंत में मनरेगा चौपाल में शामिल होकर लोगों के साथ सीधा संवाद करेंगे। इसके बाद वे रायबरेली से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

# हाई कोर्ट ने एसआई पेपर लीक अपील पर बहस पूरी की, फैसला सुरक्षित

## पेपर लीक में एकल पीठ के भर्ती रद्द करने के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट खंडपीठ में कई अपीलें दायर हुई थीं

- **याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आर.पी. सिंह की दलील थी कि आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा ने परीक्षा से 35 दिन पहले प्रश्न पत्र एक दूसरे सदस्य को दे दिया था। सोशल मीडिया के जरिए कई लोगों को हस्तलिखित उत्तर सहित प्रश्न पत्र भेजे गए थे।**

जयपुर, 19 जनवरी। राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एकलपीठ की ओर से भर्ती रद्द करने और आरपीएससी के सदस्यों व चेयरमैन के खिलाफ टिप्पणी करने के खिलाफ पेश अपील पर खंडपीठ ने सभी पक्षों की बहस सुनकर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने ये आदेश राज्य सरकार व अन्य की ओर से दायर अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, एकलपीठ में याचिकाकर्ता रहे अभ्यर्थियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेजर आरपी सिंह और अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने कहा कि आरपीएससी के तत्कालीन सदस्य बाबूलाल कटारा ने परीक्षा से 35 दिन पहले प्रश्न पत्र को दूसरे सदस्य रामू राम राइका को दिया था। राइका ने इसे अपनी संतान को दिया, जिससे उनका भर्ती में चयन हो गया। वहीं इस दौरान कटारा ने अपने चालक के बेटे अजय प्रताप सिंह को पेपर दिया। इसके अलावा भतीजे विजय डामोर व राहुल कटारा को भी पेपर उपलब्ध कराया। वहीं दलाल कुंदन को परीक्षा से पांच दिन पहले पेपर दिया गया। इसने अशोक गहलोत के तत्कालीन पीएसओ राजकुमार यादव को यह पेपर दिया। दोनों वकीलों की ओर से कहा गया कि प्रश्न पत्र को हस्तलिखित उत्तर सहित, सोशल मीडिया के जरिए कई लोगों को भेजा गया। वहीं प्रकरण में फिलहाल 89 लोगों के खिलाफ जांच लंबित है और 12 वांछित विदेश चले गए हैं। पुलिस दो साल से जांच कर रही है। ऐसे में दोषियों की छंटनी संभव नहीं है। इसलिए एकलपीठ का भर्ती रद्द करने का फैसला सही है। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद ने कहा गया भर्ती में दोषियों की छंटनी संभव है और सरकार को प्रकरण में किसी के प्रति दुर्भावना नहीं है। वहीं चयनित अभ्यर्थियों की ओर से कहा गया कि वे पुरानी नौकरी छोड़कर आए हैं और जांच में दोषी नहीं पाए गए हैं। ऐसे में भर्ती रद्द करना ठीक नहीं है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## एसआई पेपर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में आरोपियों और गवाहों की संख्या के साथ ही आरोपियों पर चार्ज तय नहीं होने की स्थिति को देखते हुए याचिकाकर्ता आरोपी को जमानत पर रिहा करना उचित है।

जमानत याचिका में अधिवक्ता सुधीर जैन ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता गत 15 मार्च से जेल में बंद है। एसओजी ने उसके खिलाफ आईपीसी सहित, सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन का प्रयोग अधिनियम व आईटी एक्ट के तहत जांच कर आरोप पत्र पेश कर दिया है। इस प्रकरण में कुल 133 आरोपी और 150 गवाह हैं। वहीं अभी तक निचली अदालत में उसके खिलाफ चार्ज फ्रेम नहीं किए हैं। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने रवीन्द्र बाल भारती स्कूल के संचालक राजेश खंडेलवाल से दस लाख रुपए में पेपर का सौदा किया था। प्रकरण में राजेश खंडेलवाल ने पेपर लीक किया था और उसे सुप्रीम कोर्ट से गत 5 दिसंबर को जमानत मिल चुकी है। ऐसे में उसका अपराध राजेश खंडेलवाल से गंभीर नहीं है। वहीं याचिकाकर्ता पर 12 प्रकरण लंबित बताए जा रहे हैं, लेकिन इनमें से सात मामलों में उसे जमानत मिल चुकी है और पांच प्रकरणों में वह दोषमुक्त हो चुका है। इसके अलावा, जिन धाराओं में उसके खिलाफ आरोप पत्र पेश किया गया है, उनमें अधिकतम तीन साल की सजा का प्रावधान है और वह 22 माह जेल में रह चुका है। इसलिए उसे जमानत दी जाए। इ सका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने जमानत याचिका खारिज करने की गुहार की। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# 'भाजपा के साथ गठबंधन करने से भविष्य खत्म हो जाएगा'

## राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने भाजपा से गठबंधन करने वाले दलों को चेतावनी दी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए विपक्षी दलों को उसके साथ गठबंधन करने के खिलाफ चेताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समझौते अल्पकाल के लिये सत्ता भले ही दिला दें, लेकिन लंबे समय के लिये राजनीतिक हाशिए पर धकेल देते हैं।

यहां पत्रकारों से बात करते हुए सिब्बल ने कहा कि भाजपा उन राज्यों में, जहां उसे चुनावी हार की आशंका होती है, छोटे क्षेत्रीय दलों से रणनीतिक गठबंधन करती है और सत्ता में आने के बाद उन्हीं दलों को किनारे कर देती है। उन्होंने कहा, "भाजपा उन राज्यों में छोटे दलों से गठबंधन करती है, जहां उसे लगता है कि वह नहीं जीत पाएगी, और सत्ता में आने के बाद, उन्हीं दलों को हाशिये पर डाल देती है।"

क्षेत्रों के बीच अंतर करते हुए, सिब्बल ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा का कांग्रेस के साथ सीधा मुकाबला होता है, जैसे उत्तर प्रदेश वहाँ वह किसी तरह का समझौता नहीं करती। उन्होंने टिप्पणी की, "जहां कांग्रेस के साथ सीधी टक्कर होती है, वहां वे कभी किसी से समझौता नहीं करते।"

- **सिब्बल ने कहा, यह गठबंधन कुछ समय के लिए सत्ता दिला सकता है, पर, राजनैतिक भविष्य को खत्म कर सकता है।**
- **सिब्बल ने अजित पवार का हवाला दिया और कहा, वे एनसीपी तोड़कर भाजपा से मिल गए, इससे उपमुख्यमंत्री तो बन गए पर उनकी राजनैतिक संभावनाओं के दरवाजे अब बंद हो रहे हैं।**

दक्षिण भारत की राजनीति का जिक्र करते हुए सिब्बल ने भाजपा पर तमिलनाडु में अपना आधार बढ़ाने के लिए "मंदिर राजनीति" अपनाने का आरोप लगाया, क्योंकि वहाँ उसे कई बार चुनावी झटके लग चुके हैं। उन्होंने कहा, "अब वे तमिलनाडु में यह कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कई बार असफल रहने के बाद, उन्होंने मंदिर राजनीति शुरू की है।" उन्होंने आगे कहा कि केरल और पश्चिम बंगाल में भी पार्टी को लगातार प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में हुई टूट का हवाला देते हुए, सिब्बल ने "अवसरवादी राजनीति" के नतीजों को लेकर चेतावनी दी।

उन्होंने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का उदाहरण देते हुये कहा, "यह विपक्ष के लिए संदेश होना चाहिए कि उनके (भाजपा) साथ समझौता आपको उपमुख्यमंत्री तो बना सकता है, लेकिन आपका भविष्य खत्म हो जाएगा।" उन्होंने कहा, "अजित पवार के साथ भी यही हुआ, जो किसी एक पक्ष के साथ नहीं टिके और केवल तीन सीटों तक सीमित रह गए। जनता समझती है कि अवसरवादी राजनीति कब की जाती है।"

सिब्बल की यह टिप्पणी महाराष्ट्र के हालिया नगर निकाय चुनावों में भाजपा-शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) गठबंधन की बड़ी जीत के बाद आई है। ज्ञातव्य है कि इन चुनावों में बृहन्मुंबई म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) सहित कई निकायों में मजबूत प्रदर्शन कर भाजपा-नेतृत्व वाली महायुति ने स्थानीय शासन में अपना दबदबा और मजबूत किया है।

## 'शिव सेना ने मुम्बई को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इसी गणित के चलते, शिंदे टीम कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। यदि विपक्ष एकजुट हो जाता है, तो उसे महायुति से सिर्फ आठ पार्षदों के पाला बदलने की जरूरत होगी और वह भाजपा की स्थिति पलट सकता है।

लेकिन क्या शिंदे सेना को सिर्फ ठाकरे परिवार से ही डर है?

उद्धव ठाकरे के मुताबिक, शिंदे दरअसल भाजपा से सशंकित हैं। उन्होंने कहा, जो लोग एक बार पार्टी छोड़ चुके हैं, वे दोबारा भी ऐसा कर सकते हैं। एनडीए के भीतर मेयर पद को लेकर खींचतान चल रही है। भाजपा अपने किसी पार्षद को मेयर बनाकर राजनीतिक संदेश देना चाहती है, जबकि शिंदे पर शीर्ष पद का दावा करने का दबाव है।

दशकों से मुंबई में शिवसेना का मेयर रहा है और इस बार इसे गंवाना बाल ठाकरे की विरासत पर उनके दावे को कमज़ोर करेगा। शिंदे को पिछले साल राज्य चुनावों के बाद, मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा और देवेन्द्र फड़णवीस के उपमुख्यमंत्री बनकर संतोष करना पड़ा। अब यदि बीएमसी मेयर का पद भी हाथ से निकल गया तो यह उनकी प्रतिष्ठा के लिए एक और नुकसान होगा और ठाकरे परिवार को मौका मिल जाएगा।

इसीलिए मुंबई के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि शिंदे टीम का यह "रिज़ॉर्ट कदम" सिर्फ विपक्ष की योजनाओं को नाकाम करने के लिए नहीं, बल्कि अपने सहयोगी भाजपा को लेकर है।

हालांकि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा है कि मेयर के सवाल पर एनडीए के नेता, जिनमें उनमें वे स्वयं और शिंदे शामिल हैं, मिलकर फैसला करेंगे।

शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र "सामना" के संपादकीय में शिंदे टीम को चुनौती दी गई है। संपादकीय में कहा गया है, "शिवसेना ने मुंबई को 23 मराठी मेयर दिए हैं, क्या यह परंपरा अब भी जारी रहेगी?" संपादकीय में मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे के बीच खुली खींचतान का दावा किया गया है।

संपादकीय के अनुसार, ठाकरे भाइयों ने मुंबई की रक्षा के लिए कड़ा संघर्ष किया। इसमें कहा गया है, "पहचान की इस लड़ाई का इतिहास नए सिरे से लिखा जाएगा।

शिवसेना (यूबीटी) ने आरोप लगाया कि फडणवीस का चुनाव जीतने का आत्मविश्वास विकास कार्यों से नहीं, बल्कि अपार धन और शक्ति से आया है। पार्टी ने कहा, "इस आत्मविश्वास का विकास से कोई लेना-देना नहीं है, यह पूरी तरह मशीनों, पैसे के मंत्र और दबाव की राजनीति पर आधारित है।"

संपादकीय में कहा गया, नगर निगम चुनाव खत्म हो गए हैं, नतीजे आ चुके हैं। असली राजनीति अभी बाकी है, जिससे संकेत मिलता है कि मेयर का चयन आसान नहीं होगा।

दिलचस्प बात यह है कि उद्धव ठाकरे ने कल अपने पार्टी कार्यकताओं से कहा कि मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) का मेयर बनाना उनका सपना है। "और अगर भगवान की इच्छा हुई तो यह सपना जरूर पूरा होगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने मजाक में पूछा कि क्या ठाकरे ने "देवा" शब्द का इस्तेमाल उनके लिए किया है या भगवान के लिए। उन्होंने कहा, "मुझे भी "देवा" कहा जाता है, इसलिए पूछ रहा हूं।" उन्होंने आगे कहा, "ऊपर वाले भगवान ने तय कर दिया है कि मेयर महायुति का ही होगा।"

## बंगाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी)की सूची में हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। अदालत ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम इस तार्किक विसंगति सूची में दर्ज हैं।

मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, उन्हें अपने दस्तावेज और आपत्तियां दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाए। अदालत ने निर्देश दिया कि दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवनों और ब्लॉक कार्यालयों में विशेष काउंटर/कार्यालय बनाए जाएं।

## भारत का ट्रंप के गाज़ा पुनर्निमाण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निकायों के ज़रिये उसे दरकिनार करने में। ट्रंप का बोर्ड ऑफ़ पीस, एक ऐसे नेता की ओर से आया है, जो लगातार संयुक्त राष्ट्र को बेकार और अप्रासंगिक बताता रहा है। यह भारत की मूल कूटनीतिक सोच के बिल्कुल विपरीत जाता है। इसी कारण "ट्रंप संयुक्त राष्ट्र" का लेबल नई दिल्ली में कहीं ज़्यादा तीखा अर्थ रखता है।

प्रस्तावित बोर्ड की संरचना इन चिंताओं को और गहरा करती है। संयुक्त राष्ट्र के विपरीत, जो कम-से-कम औपचारिक रूप से संप्रभु समानता और सामूहिक प्रक्रियाओं पर आधारित है, यह बोर्ड नियंत्रण, पदानुक्रम और वित्तीय ताकत पर टिका हुआ दिखता है। ट्रंप की केन्द्रीय भूमिका बतौर अध्यक्ष, प्रभाव के बदले बड़े वित्तीय योगदान पर ज़ोर, और यह संकेत कि यह बोर्ड गाज़ा से आगे अन्य संघर्ष क्षेत्रों तक फैल सकता है, ये सभी वैश्विक समस्याओं के समाधान का एक ऐसा मॉडल दिखाते हैं, जो संस्थागत कम और लेन-देन आधारित अधिक है। भारत, जो स्वयं को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थक बताता आया है, के लिए ऐसे निकाय में भागीदारी एक ऐसे उदाहरण को वैधता देने का जोखिम होगा, जो उन्हीं मानदंडों को कमज़ोर करता है, जिनका समर्थन करने का भारत दावा करता है

एक नैतिक पहलू भी है, जिसे भारत नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता। बोर्ड में फ़िलिस्तीनी प्रतिनिधित्व की सीमित व्यवस्था संयुक्त राष्ट्र चार्टर के आत्मनिर्णय के सिद्धांत से मेल नहीं खाती-एक ऐसा सिद्धांत जिसका भारत ने ऐतिहासिक रूप से, भाषणों और कूटनीति, दोनों में समर्थन किया है। भारत के इज़राइल से मज़बूत संबंध होने के बावजूद, उसने वार्ता के ज़रिये दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है और पश्चिम एशिया के संघर्षों को अंतरराष्ट्रीय क़ानून और समावेशी राजनीतिक प्रक्रियाओं के संदर्भ में सावधानी से प्रस्तुत किया है। ऐसा शांति तंत्र, जो स्थानीय एजेंसी को हाशिये पर डालता हुआ और बाहरी हाथों में सत्ता को केन्द्रीकृत करता हुआ नज़र आए, भारतीय राजनयिकों के लिए चेतावनी की घंटी है, क्योंकि ऐसे परिणाम मूल रुप से वैधता से वंचित हो सकते हैं।

इसलिए भारत की चुप्पी को न तो अनिर्णय समझा जाना चाहिए और न ही कूटनीतिक जड़ता। यह एक सोची-समझी रणनीतिक गणना को दर्शाती है। नई दिल्ली अमेरिका की किसी पहल को सार्वजनिक रूप से खारिज करने से बचना चाहती है, खासकर भारत-अमेरिका संबंधों की व्यापक दिशा को देखते हुए। लेकिन वह अपनी प्रतिष्ठा किसी ऐसे प्रोजेक्ट को देने के लिए भी तैयार नहीं है, जिसे ट्रंप की संयुक्त राष्ट्र-विरोधी आलोचना को मान्यता देने और बहुपक्षीय संस्थानों के विकल्पों को सामान्य बनाने के रूप में देखा जा सकता है। चुप्पी भारत को आगे की गुंजाइश बनाए रखने का अवसर देती है, साथ ही उन लोगों तक असहजता का संकेत भी पहुंचाती है, जो ध्यान से सुन रहे हैं।

इस संदर्भ में बोर्ड ऑफ़ पीस की तुलना "ट्रंप संयुक्त राष्ट्र" से किए जाने का भारत-केन्द्रित अर्थ स्पष्ट हो जाता है। यह अर्थ इस पर ज्यादा जोर नहीं देता कि क्या यह बोर्ड औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करता है। बल्कि इस बात पर देता है कि क्या यह उस विचार को कमज़ोर करता है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा का प्रबंधन समावेशी, नियम-आधारित संस्थानों के माध्यम से होना चाहिए, न कि नेताओं द्वारा संचालित गठबंधनों के ज़रिये। भारत के लिए,जो संयुक्त राष्ट्र के भीतर अधिक आवाज़ चाहता है, न कि उसके बिना एक दुनिया, यह बोर्ड केवल शांति स्थापना में एक नवाचार नहीं, बल्कि उस बहुपक्षीय व्यवस्था के लिए संभावित चुनौती है, जिसे वह दशकों से भीतर से बदलने की कोशिश करता रहा है।

## नितिन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

धर्मेन्द्र प्रधान, भूपेन्द्र यादव और किरेन रिजिजू की मौजूदगी में पार्टी मुख्यालय में निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण को नितिन नबीन के नामांकन पत्रों का एक सेट सौंपा।

इसके बाद अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक और सेट जमा किया। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नबीन के समर्थन में नामांकन पत्र दाखिल किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी मौजूद रहे।

## 'ग्रीनलैंड के बारे में उनकी सोच ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

घोषणा की आलोचना की है, जो ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जे का विरोध कर रहे हैं।

यूरोपीय संघ के एंटी-कोएर्शन (दबाव विरोधी) कानून के तहत, नेता अमेरिका के खिलाफ तथाकथित "ट्रेड बाज़ूका" इस्तेमाल करने की बात कर रहे हैं। ट्रेड बाज़ूका व्यापारिक दबाव डालने के लिए किसी देश द्वारा उठाए गए बेहद सख्त कदमों को कहा जाता है। यह प्रतिक्रिया यूरोप पर लगाए गए विशेष 10 प्रतिशत टैरिफ के खिलाफ है, जो ग्रीनलैंड पर अमेरिका के सीधे कब्जे के विरोध के कारण लगाए गए हैं।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जो ग्रीनलैंड के द्वीपवासियों के समर्थन में सबसे आगे हैं, ने अमेरिका के नए अतिरिक्त शुल्क के खिलाफ कदम उठाने की बात कही है। यही भावना अमेरिका के कथित सबसे करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी व्यक्त की है, जो लंबे समय से अमेरिका के साथ विशेष संबंध का दावा करता रहा है।

- **साथ ही अमेरिका के स्टॉक मार्केट में 1.2 प्रतिशत की गिरावट आयी, जिससे इन्वेस्टर्स का खर्चा बढ़ गया तथा यह स्टॉक मार्केट में गिरावट और आगे जारी रहने की आशंका है, जिससे ग्लोबल इकॉनमी की रफ्तार और धीमी पड़ेगी।**

अपने दबाव विरोधी उपायों के तहत, यूरोप अपने कुछ निर्यात बाजारों तक अमेरिकन उत्पादों की पहुंच को रोक सकता है और निर्यात नियंत्रण उपाय भी लागू कर सकता है। ऐसे कदमों से अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगी, दोनों को एक साथ नुकसान पहुंचेगा।

इस तरह की गैर-जिम्मेदाराना बयानबाज़ी के संभावित असर पहले से ही वित्तीय बाजारों और अन्य क्षेत्रों में दिखाई देने लगे हैं। इसका सीधा असर सोने की कीमतों पर पड़ा है, जो अनिश्चितता के समय पसंदीदा निवेश माना जाता है। इसका यह भी मतलब है कि डॉलर कीमती स्वर्ण धातु के मुकाबले कमजोर हो रहा है।

यूरोप पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की ट्रंप की योजना के ऐलान के बाद शेयर बाजार भी प्रभावित हुए हैं। सोमवार को बाजार खुलते ही अमेरिकी सूचकांक लगभग 1 से 1.2 प्रतिशत तक गिर गए, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा। हालात साफ होने तक यह गिरावट जारी रह सकती है।

यूरोपीय कमीशन के प्रवक्ताओं ने कहा है कि इस तरह के कदम और फैसले अंततः अटलांटिक के दोनों ओर की अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे और इसका बोझ अंत में आम लोगों पर पड़ेगा। यह न तो जनता के लिए फायदेमंद होगा और न ही यूरोप व अमेरिका के देशों के लिए। इन घटनाक्रमों में वैश्विक अर्थव्यवस्था की रफ्तार को धीमा करने की क्षमता है।

यूरोप के प्रति अपनी नाराज़गी को और स्पष्ट करते हुए, और अब उसके कथित कट्टर दुश्मन रूस को तरजीह देते हुए, डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को गाज़ा के लिए प्रस्तावित बोर्ड फॉर पीस में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। ट्रंप ने इस बोर्ड का प्रस्ताव गाज़ा में संघर्ष समाप्त होने के बाद पुनर्निर्माण की अपनी व्यापक योजना के तहत रखा है।

रूसी राष्ट्रपति के एक विशेष दूत भी स्विट्ज़रलैंड के दावोस जा रहे हैं, जहां वे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक के दौरान अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे। फोरम की वार्षिक बैठक हर साल स्विस स्की रिसॉर्ट दावोस में होती है, जहां आर्थिक निर्णयों में सबसे प्रभावशाली लोग आपसी बातचीत और अनौपचारिक नेटवर्किंग के लिए एकत्र होते हैं।

## यूएई के राष्ट्रपति को कार से लेने एयरपोर्ट पहुंचे प्र.मंत्री मोदी

नई दिल्ली, 19 जनवरी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयन सोमवार को भारत के अपने आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

दोनों नेताओं के बीच स्वागत समारोह के दौरान दोस्ताना बातचीत भी हुई। इस दौरान एक खास पल भी देखने को मिला, जब एक बार फिर पीएम मोदी की कार वाली डिप्लोमेसी की झलक देखने को मिली।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद साथ ही एक ही कार में एयरपोर्ट से रवाना हुए, जिससे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दोस्ताना संबंधों की झलक दिखी।

## मणिकर्णिका घाट के डोम ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कानूनी याचिकाएं भी दायर की गई हैं।

विरासत स्थलों के पुनर्रूपांकन (रीडिजायनिंग) को लेकर भाजपा सरकार की प्रवृत्ति पहले भी बड़े विवादों को जन्म दे चुकी है, चाहे वह साबरमती आश्रम परियोजना हो, सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना हो, काशी विश्वनाथ पुनर्विकास योजना हो, या अमृतसर में जलियांवाला बाग स्मारक का पुनर्विकास हो।

इतिहासकार मृदुला मुखर्जी के अनुसार, समस्या इस आशंका से जुड़ी है कि पवित्र स्थलों का व्यवसायीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे उदाहरण हैं, जहां मौजूदा संरचनाओं को बनाए रखते हुए, विरासत संरक्षण के साथ पुनर्विकास किया गया है।" रिपोर्ट बताती हैं कि मणिकर्णिका घाट के पास मॉल और बड़े व्यावसायिक ढांचे बनाने की योजनाएं हैं। मुखर्जी ने कहा, "ये योजनाएं बेतुकी हैं और इस विरासत स्थल की पवित्रता को कमज़ोर करती हैं।"

- **मृदुला मुखर्जी के अनुसार ही विश्व में हैरिटेज (विरासत) को सुरक्षित रखते हुए उसके चारों तरफ जगह छोड़ते हुए नया निर्माण होता है।**
- **पर, सोशल मीडिया पर बुलडोज़र चलाए जाने तथा इस प्रक्रिया में धार्मिक मूर्तियों के खंडित होने की रील प्रसारित हो रही हैं तथा मु.मंत्री योगी आदित्यनाथ भी निर्माण स्थल पर पहुंचे तथा सार्वजनिक ऐलान करना पड़ा वह भी धार्मिक मूर्ति या स्ट्रक्चर को कोई क्षति नहीं पहुंची है।**

विरोध के बाद स्थल का दौरा करने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी मूर्ति या संरचना को नहीं तोड़ा गया है।

पुनर्विकास योजना के तहत, शुरुआत में लगभग 3,000 वर्ग मीटर क्षेत्र को कवर किया जाएगा और बाद में इसे 39,350 वर्ग मीटर के प्लेटफॉर्म तक विस्तारित किया जाएगा, जिससे मणिकर्णिका में यह सबसे बड़ा श्मशान परिसर बन जाएगा। चार चरणों में पूरी होने वाली इस परियोजना के पूरा होने के बाद, एक साथ 19 शवदाह की सुविधा होगी और इसमें सार्वजनिक उपयोग की कई सुविधाएं भी शामिल होंगी। माना जा रहा है कि इस परियोजना की शुरुआत मणिकर्णिका के डोम राजा, विश्वनाथ चौधरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर घाट को आधुनिक बनाने का अनुरोध किए जाने के बाद हुई।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908